शुक्रवार

06 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




भाजपा अब किसी को कंधे पर नहीं बिठाएगी: जेपी नड्डा




प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


# एनआईए ऐसा करे कि देश में न पनप सकें आतंकवादी संगठन: शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद निरोधक सम्मेलन को किया संबोधित

**एजेंसी/नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि आतंकवाद निरोधक एजेंसियों को ऐसा कठोर रुख अपनाना होगा कि देश में नए आतंकवादी संगठन नही पनप सके। आतंकवाद निरोधक सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि न केवल आतंकवाद, बल्कि आतंकवादियों के पूरे इको-सिस्टम को नष्ट करना होगा। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लिए गए सख्त फैसलों से क्रिप्टोकरेंसी, हवाला, आतंकी वित्तपोषण, संगठित अपराध गिरोह और नार्को-टेरर लिंक से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

गृह मंत्री ने कहा, सरकार के कड़े फैसलों से जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित इलाकों और पूर्वोत्तर में हिंसा कम करने में बड़ी सफलता मिली है। पिछले 5 वर्षों में मोदी सरकार ने कई बड़े डेटाबेस तैयार किए हैं, केंद्र और राज्य की सभी एजेंसियों को उनका बहुआयामी उपयोग करना चाहिए, तभी हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सफल होंगे। हमें जांच, अभियोजन, रोकथाम और कार्रवाई के लिए इस डेटाबेस का उपयोग करना है। गृह मंत्री ने सम्मेलन के हर सत्र में 5 एक्शनेबल प्वाइंट्स बनाकर उन्हें केन्द्रीय गृह मंत्रालय को भेजने का सुझाव दिया।

### हमें साझा प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाने की दिशा में काम करना होगा

उन्होंने कहा, एनआईए आतंकवाद विरोधी संरचना का गठन करें। आतंकवाद विरोधी एजेंसियों की जांच की संरचना और एसओपी और हेयारकी सभी राज्यों में समान होनी चाहिए. ताकि केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय हो सके। हमें एक साझा प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाने की दिशा में काम करना होगा ताकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की पद्धति में एकरूपता लाई जा सके। गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा, आतंकवाद निरोधक सभी एजेंसियों को ऐसा कठोर रुख अपनाना होगा कि नए आतंकवादी संगठन न पनप सके। शाह ने कहा कि हमें न केवल आतंकवाद से लड़ने की, बल्कि इसके पूरे इको-सिस्टम को समाप्त करने की जरूरत है, और इसके लिए हमें संपूर्ण सरकार और टीम इंडिया की भावना के साथ काम करना चाहिए।

### कोई राज्य अकेले आतंकवाद का सामना नहीं कर सकता

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकारों के सहयोग से मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलताएं हासिल हुई हैं। इन उपलब्धियों में एनसीबी के नेतृत्व में इसी वर्ष चलाया गया ऑपरेशन समुद्रगुप्त शामिल है, जिसके दौरान केरल में लगभग 12,000 करोड़ रूपए से अधिक मूल्य की 2500 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त की गई थी। इसके अलावा 10 लाख किलोग्राम ड्रग्ज डिस्पोजड भी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा नहीं होती और कोई भी राज्य अकेले आतंकवाद का सामना नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर इस बुराई को जड़ से खत्म करना होगा।

# मणिपुर में फिर हिंसा, उत्पातियों ने दो घरों में लगाई आग, गोलीबारी

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में फिर से हिंसा शुरू हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि राज्य के इंफाल वेस्ट जिले में दो घरों में आग लगा दी गई। इसके अलावा इस दौरान कई राउंड गोलीबारी की गई। मामला बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी का है। हमले के बाद आरोपी मौके से तुरंत भाग गया। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पुलिस ने जानकारी दी कि पूरे मामले के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके में इकट्ठा हुई मैतेई समुदाय की महिलाओं को सुरक्षा बलों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके अलावा एरिया में स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

मणिपुर में मई से हिंसा जारी है। राज्य में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद तीन मई को जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। साथ ही कई लोगों को विस्थापित भी होना पड़ा। वहीं कई लोगों के घर जला दिए गए।

## कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सरकार पर बोला हमला, कहा

# एमपी में व्यापम, महाकाल कॉरिडोर घोटाला हुआ पर ईडी जांच क्यों नहीं

- मध्य प्रदेश के धार में आयोजित रैली को प्रियंका गांधी वाड्रा ने किया संबोधित
- जब से एमपी में बीजेपी की सरकार बनी है, तब से यहां पर महंगाई बढ़ी है
- जनता किसी की बातों में न आए, सब कुछ देखने के बाद वोट दे

**एजेंसी/इंदौर**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश की धरती से सूबे की शिवराज सरकार और केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला है। धार जिले में पहुंचने के बाद प्रियंका गांधी ने सबसे पहले मोहनखेड़ा स्थित धार्मिक स्थल में जाकर पूजा अर्चना की। आगे उन्होंने मोहनखेड़ा में टांट्या मामा की मूर्ति का अनावरण किया। मूर्ति अनावरण के बाद अपनी जनसभा को संबोधित करने पहुंची प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के लिए वोट मांगते हुए बीजेपी और उसके नेताओं पर जमकर प्रहार किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हर जगह पहुंच जाती है। मगर मध्य प्रदेश में इतना घोटाला हुआ है, फिर भी यहां पर ईडी नहीं पहुंचती है। उन्होंने कहा कि एमपी में महाकाल के कॉरिडोर में भी घोटाला हुआ है। बीजेपी की सरकार ने तो भगवान की मूर्ति में भी घोटाला किया है। प्रियंका ने महंगाई से लेकर गरीबी तक के मुद्दे पर बीजेपी की सरकार को घेरा।

रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि मुझे यह सुनके ताज्जुब हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वही बात कहते हैं, जो हम कहते हैं। मैंने एक आदमी से पूछा कि चुनाव में क्या होने जा रहा है। इस पर उसने जवाब दिया कि राजा जा रहा है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि जब से मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी है, तब से यहां पर महंगाई बढ़ी है। गरीब जनता की हालत और भी ज्यादा खराब होती जा रही है। प्रियंका ने जनता से कहा कि उन्हें किसी की बातों में आने की जरूरत नहीं है। जनता को सब कुछ देखना चाहिए और फिर वोट देना चाहिए. उन्होंने यहां तक कहा कि जनता को हमारी बातों में भी नहीं आना चाहिए। प्रियंका ने कहा कि आज मध्य प्रदेश में बेरोजगारी बहुत ज्यादा है। इसपर बीजेपी ने कोई काम नहीं किया। बीजेपी सरकार ने यहां की हर योजनाओं में घोटाला किया है। हम हमेशा जनता के हितों को ध्यान में रखते हैं।



### बीजेपी के खिलाफ लिख दें, तो ईडी तुरंत आप तक पहुंच जाएगी

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि ये महान हस्तियों की भूमि है। हम उन्हें महान हस्तियां इसलिए कहते हैं, क्योंकि उन्होंने अपने जीवनकाल में लोगों की समस्या के खिलाफ लड़ाई लड़ी और उनका भरोसा नहीं तोड़ा। प्रियंका ने रानी दुर्गावती को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज की गौरव और गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जयंती है। उन्हें मेरा शत-शत नमन। धार में हुई इस रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि व्यापम घोटाला यहां हुआ. क्या इसकी कभी जांच हुई? अगर आप बीजेपी के खिलाफ लिख दें, तो ईडी तुरंत आप तक पहुंच जाएगी। आपको पूछना चाहिए कि ईडी अभी तक यहां क्यों नहीं आई है? कांग्रेस नेत्री ने कहा कि मां नर्मदा के साथ और महाकाल कॉरिडोर की सप्तऋषियों की मूर्तियों में भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने पूछा कि क्या भगवान के साथ भी कोई भ्रष्टाचार करता है? क्या अब उन्हें (बीजेपी को) बदलने का समय नहीं आ गया है?



### हमने त्रि-शक्ति बना कांग्रेस के भ्रष्ट तंत्र को खत्म किया: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में 12,600 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक के भूमिपूजन का सौभाग्य मिला। उनका जीवन हमें सर्वजन हिताय की सीख देता है। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया के किसी भी देश में अगर रानी दुर्गावती जैसी कोई वीरांगना होती तो वह देश पूरी दुनिया में उछल-कूद करता। आजादी के बाद हमारे देश में भी यही होना चाहिए था, लेकिन हमारे महापुरुषों को भुला दिया गया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मोदी के आने से पहले क्या हाल था, कांग्रेस के समय में कितने भ्रष्टाचार सामने आते थे। गरीबों का पैसा खाया जाता था। हमने करीब 11 करोड़ फर्जी नामों को वोटर लिस्ट से हटाया। ये वे नाम थे, जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हमने जन धन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रि-शक्ति बनाई कि कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस-नहस हो गया। आज इस त्रि-शक्ति की वजह से 2.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा (जो चोरी होते थे, गलत हाथों में जाते थे) बचाने का काम मोदी ने किया है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद दशकों तक जो दल देश में सरकार में बैठा रहा, उसने सिर्फ एक ही परिवार की चरण वंदना करने का काम किया।

## हेड कांस्टेबल ने अपनी पत्नी और दो बेटियों को गोली मार खुद कर ली आत्महत्या

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां बुधवार की रात पुलिस हेड कांस्टेबल ने अपनी पत्नी और दो बेटियों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली। हेड कॉन्स्टेबल की पहचान 55 साल के वेंकटेश्वरलु के रूप में हुई है। वह कडप्पा-2 टाउन पुलिस स्टेशन में राइटर (मुंशी) के रूप में कार्यरत था। बुधवार रात 11 बजे तक उन्होंने थाने में काम किया था और घर लौटते वक्त अपने साथ बंदूक और गोलियां लेकर आया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह शेयर ट्रेडिंग में भारी नुकसान की वजह से वह मानसिक तनाव से गुजर रहे था। इसके अलावा पारिवारिक समस्या भी थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इन्हीं वजहों से उसने पत्नी और दोनों बेटियों को पहले मौत के घाट उतारा, जिसके बाद खुद को गोली मार ली। मामले की जांच कर रही पुलिस को उनके घर से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है।

## नॉर्वे के लेखक जॉन फॉसे को साहित्य का नोबेल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के लेखक जॉन फॉसे को उनके नाटकों और गद्य के लिए साहित्य नोबेल पुरस्कार 2023 दिया गया है। इस साल के साहित्य पुरस्कार विजेता जॉन फॉसे ने उपन्यासों को एक ऐसी शैली में लिखा है जिसे 'फॉसे मिनिमलिज्म' के नाम से जाना जाता है। इसे उनके दूसरे उपन्यास 'स्टेंड गिटार' (1985) में देखा जा सकता है। साल 2022 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार फ्रेंच लेखिका एनी अर्नो को दिया गया था।

## देवरिया प्रकरण में सीएम योगी आदित्यनाथ की कठोर कार्रवाई


# लापरवाह राजस्वकर्मियों और पुलिसकर्मियों को किया गया निलंबित, कई पर विभागीय कार्यवाही

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत दिनों जनपद देवरिया में घटित प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया है। गुरुवार को घटना की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी। शासन की रिपोर्ट में जनपद देवरिया की तहसील एवं थाना रूद्रपुर स्थित ग्राम फतेहपुर में घटित घटना के संबंध में दोषी कर्मचारी/अधिकारी की घोर लापरवाही संज्ञान में आयी है। उक्त विवाद के संबंध में स्व.सत्य प्रकाश दुबे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में आईजीआरएस के अंतर्गत अनेक शिकायतें मुख्यमंत्री संदर्भ के रूप में आनलाइन पुलिस विभाग/राजस्व विभाग को भेजी गई थीं एवं दोनों विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा गम्भीरतापूर्व संज्ञान लेकर निस्तारण नहीं कराया गया। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### सीएम ने इनके विरूद्ध कार्यवाही के दिए निर्देश

- वर्तमान उपजिलाधिकारी योगेश गौड़ एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत को तत्काल निलंबित किया जाए।
- पूर्व में उपजिलाधिकारी रहे राम विलास, ओम प्रकाश, ध्रुव शुक्ला एवं संजीव कुमार उपाध्याय के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करें
- सेवानिवृत्त तहसीलदार वंशराज राम एवं सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामानन्द पाल पर विभागीय कार्यवाही शुरू करें।
- अभय राज (वर्तमान में निलंबित तहसीलदार) को अतिरिक्त आरोप पत्र जारी किया जाए।
- रामाश्रय तत्कालीन तहसीलदार, सम्प्रति तहसीलदार जनपद बलरामपुर को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही संस्थित की जाए तथा केशव कुमार तहसीलदार रूद्रपुर को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाए।
- विशाल नाथ यादव (राजस्व निरीक्षक), राजनन्दनी यादव (क्षेत्रीय लेखपाल), अखिलेश (लेखपाल) को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाए।
- हेड कॉन्स्टेबल राजेश प्रताप सिंह, कॉन्स्टेबल अवनीश चौहान, हल्का प्रभारी/उपनिरीक्षक जय प्रकाश दुबे व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही करें।
- पूर्व में आईजीआरएस के संदर्भों में निस्तारण में लापरवाही के लिये उत्तरदायी पाए गए का. कैलाश पटेल, कॉन्स्टेबल राम प्रताप कन्नौजिया, सुभाष यादव एवं उ.नि. सुनील कुमार, पूर्व प्रभारी निरीक्षक, रूद्रपुर को निलंबित किया जाए तथा तत्कालीन क्षेत्राधिकारी, रूद्रपुर दिनेश कुमार सिंह यादव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जाए।



## आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत निकायों के विकास कार्यों को गति देने के लिए मिलेगा पुरस्कार

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निकाय को 2 करोड़ देगी सरकार

- दूसरे स्थान पर रहनेवाले निकाय को एक करोड़ और तीसरे स्थान पर रहने वाले निकाय को मिलेंगे 50 लाख रुपए
- सभी चयनित 100 आकांक्षी नगरीय निकायों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का उद्देश्य

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

आकांक्षी शहरी निकायों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के लिए योगी सरकार विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन आधारित पुरस्कार प्रदान करेगी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 3 निकायों को 50 लाख रुपए से लेकर 2 करोड़ रुपए तक का पुरस्कार मिलेगा। यह पुरस्कार राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी ताकि निकायों के विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके। शीर्ष निकायों का निर्धारण विभिन्न पैरामीटर्स पर निकायों की निगरानी करने वाली समितियों की रिपोर्ट के आधार पर तैयार रैंकिंग से होगा। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर आकांक्षी विकासखंडों की तर्ज पर आकांक्षी नगरीय निकाय योजना शुरू की गई है। पहले चरण में इसमें 100 नगरीय निकायों को चिन्हित किया गया है।

### पुरस्कारों की व्यवस्था

- 03 अग्रणी शहरों को प्रति वर्ष प्रथम पुरस्कार के रूप में 02 करोड़, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1 करोड़ तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 50 लाख की प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी।
- अलग-अलग सेक्टर में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को वर्ष में एक बार 50 50 लाख की प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी।
- पुरस्कार राशि की परियोजनाएं सम्बंधित निकाय के अध्यक्ष तथा जिलाधिकारी के संयुक्त सुझाव पर नगर विकास विभाग द्वारा अनुमोदित की जाएगी।

### 2 वर्ष बाद नए निकायों का होगा चयन

चयनित 100 नगर निकायों में यह योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी तथा उसके उपरान्त यह नगर निकाय आत्मनिर्भर रूप से कार्य करेगे, परन्तु इनकी मॉनिटरिंग डैशबोर्ड के माध्यम से 31 मार्च 2028 तक चलती रहेगी। 31 मार्च 2026 के पूर्व वर्तमान चयनित 100 नगर निकायों के स्थान पर अन्य 100 नगर निकायों का चयन किया जाएगा तथा यहां यह योजना 01 अप्रैल 2026 से अग्रिम 02 वित्तीय वर्षों तक लागू रहेगी और इसके उपरान्त ये नगर निकाय आत्मनिर्भर रूप से कार्य करेंगे।

### आकांक्षी निकायों में कार्मिकों की तैनाती

समस्त आकांक्षी 100 शहरी निकाय में सभी रिक्त पदों को सभी विभागों द्वारा भरा जाना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि एक बार तैनाती के उपरान्त इन्हें न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यकाल प्रदान किया जाए तथा स्थानान्तरण की स्थिति में इनकों कार्यमुक्त तभी किया जाए जब इनके स्थान पर नए कार्मिक कार्यभार ग्रहण करने के लिए उपस्थित हो जाए। सम्बंधित जिलाधिकारी शासन स्तर पर सम्बंधित विभागों से समन्वय कर इसे सुनिश्चित करायेगें। इसके अतिरिक्त नियोजन विभाग द्वारा सभी जनपदों के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में समय समय पर नामित किया जाता है। नोडल अधिकारी जनपदों में भ्रमण के समय आकांक्षी नगर निकायों को 32 पैरामीटर्स पर समीक्षा करना सुनिश्चित करेंगे।

## पटना में आयोजित कैलाशपति मिश्र के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# भाजपा अब किसी को कंधे पर नहीं बिठाएगी: नड्डा

♦ बोले नड्डा- बिहार में अब समय आ गया है कि भाजपा अपने कंधे को मजबूत करके 2024 में संपूर्णता से चुनाव जीते, फिर 2025 में भाजपा की सरकार बनाएंगे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बीजेपी के भीष्म पितामह कहे जाने वाले दिवंगत कैलाशपति मिश्र के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इशारों ही इशारों में अपने कार्यकताओं के सामने यह ऐलान किया कि अब भाजपा किसी को कंधे पर नहीं बिठाएगी। बिहार में अब समय आ गया है कि भाजपा अपने कंधे को मजबूत करके 2024 में संपूर्णता से चुनाव जीते, फिर 2025 में विशुद्ध भाजपा की सरकार बनाएंगे। 2024-25 में हर हाल में कमल खिलाएंगे। बिहार में जाति आधारित गणना रिपोर्ट जारी होने के बाद गर्माई ओबीसी राजनीति पर भी नड्डा ने कहा कि जो लोग आज ओबीसी का चैंपियन बनने की कोशिश कर रहे हैं, वह यह भूल गए हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों के लिए देश में सबसे



ज्यादा काम किया है। बीजेपी की सरकार रहते शिक्षा और नौकरियों में ओबीसी को उनका हक मिला।

**मैंने बिहार को मुसीबत में देखा है:** जेपी नड्डा ने कहा कि मैंने बिहार को मुसीबत में देखा है, मैंने बिहार में नेतृत्व को किस तरीके से समझौता करते हुए लोगों को हितों के खिलाफ काम करते हुए देखा है। मैंने वह भी समय देखा है जब कांग्रेस पार्टी को एक तरफ समर्थन मिलता था और कांग्रेस पार्टी अपने लोगों के हित के सिवाय कुछ नहीं की। लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा वह भी हमने देखा है जब सामाजिक न्याय का नारा लगा करके आने वाले लोग अपने परिवारों की और अपने घरों में अपने तिजोरियों में धन भरने की सिवाय कोई काम नहीं किया, लेकिन मैं यह गौरव के साथ कह सकता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बिहार को हमेशा मुख्य धारा में लाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



### बिहार सरकार और लालू परिवार पर जमकर हमला बोला

उन्होंने बिहार सरकार और लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। कहा कि बिहार सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार सरकार लूट, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में मस्त है। भाई को भाई से लड़ाने में मस्त है। उन्होंने कहा कि अब ऐसी सरकारों को अलविदा कहने का वक्त आ गया है और भाजपा को लाने का समय आ गया है। वहीं, लालू परिवार पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि बिहार में एक ही परिवार के लालू, राबड़ी, तेजस्वी और मीसा भारती हैं। उन्होंने कहा कि बाप, बेटा, मां और बेटी ये महाभ्रष्ट हैं। इस दौरान जेपी नड्डा ने इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों को गिनाया और कहा कि ये परिवारवादी की पार्टियां हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन परिवारवाद, भ्रष्टचार और तुष्टिकरण पर टिका हुआ है।

### दरभंगा एम्स का उठाया मुद्दा

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में पहला ऑल इंडिया मेडिकल साइंस अस्पताल अटल बिहारी वापजेपी ने दिया। अब दूसरा ऑल इंडिया मेडिकल साइंस अस्पताल दरभंगा में नरेंद्र मोदी ने दिया। मैं स्वास्थ्य मंत्री था, नीतीश बाबू से मांग-मांग के थक गया, आप जमीन दे दें। बोले मेडिकल कॉलेज के ऊपर ही बना दें। मैंने कहा नहीं मुझे नई जगह चाहिए। आज भी भारत सरकार में ऑल इंडिया मेडिकल साइंस अस्पताल दरभंगा के लिए पैसा रखा हुआ है। जैसे ही आगे काम शुरू होगा उसको पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 1000 करोड़ रुपए 5 मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए दिए। आप बताएं सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के लिए आपको 2000 करोड रुपए से ज्यादा दिया।

**कार्यकताओं से की अपील:** कहा कि मुझे बहुत अच्छा लगा सम्राट चौधरी का एक वक्तव्य उन्होंने कहा अब हम कंधे पर बैठना छोड़ चुके हैं। इस जन्म शताब्दी स्व. कैलाशपति मिश्र को सही मायने में श्रद्धांजलि यही होगी कि 2024 में संपूर्ण एनडीए की सीट जीत कर हम दिल्ली में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएंगे और 2025 में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलेगा, हमारी सरकार बनेगी।

## जातीय गणना के अनुसार आरक्षण की प्रतिशत में बढ़ोतरी की जाए: दीपांकर

**पटना।** भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने गुरुवार को मणिपुर हिंसा से संबंधित एक रिपोर्ट का पटना में लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनितिक शोध संस्थान में की गई। इस मौके पर दीपांकर भट्टाचार्य ने जातीय सर्वे को लेकर कहा कि जातीय गणना करके क्या होगा? जब तक इसका लाभ नहीं मिलेगा तब तक इस प्रकार की गणना से कुछ नहीं होने वाला है। इस दौरान आरजेडी नेता और बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष उदयनारायण चौधरी और जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय गणना के अनुसार आरक्षण की प्रतिशत में बढ़ोतरी की जाए। सरकारी सुविधा आबादी के हिसाब से फिर से सुनिचित किया जाए। दीपांकर भट्टाचार्य ने पीएम नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी हमेशा कहते हैं कि 70 साल में कुछ नहीं हुआ। मेरा मानना है कि जो 70 साल में जो नहीं था वह इस बार बिहार में हुआ है।

## सीएम नीतीश से मिले बाहुबली आनंद मोहन

**केटी न्यूज/पटना**

पूर्व सांसद बाहुबली आनंद मोहन सिंह ने गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। गुरुवार को अचानक वह सीएम आवास पहुंचे। करीबी लोगों की मानें तो जाति आधारित गणना को लेकर गुरुवार सुबह करीब पौने 11 बजे आनंद मोहन एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत भी हुई। आनंद मोहन का मानना है कि बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना करवा कर अच्छा काम किया है, लेकिन रिपोर्ट में कुछ त्रुटि है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। आनंद मोहन ने सीएम नीतीश कुमार से राजद के विवाद पर भी बात की और चुनावी रणनीति को लेकर भी चर्चा की।

दरअसल, बुधवार को पटना आने से पहले खगड़िया में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व सांसद आनंद मोहन



ने जाति आधारित गणना को लेकर बिहार सरकार की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि गणना करवाकर सरकार ने अच्छा काम किया है। हालांकि, इसमें कुछ त्रुटि है, जिसे सुधार की आवश्यता है। जाति आधारित गणना, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति को देखते हुए की जानी चाहिए थी, इसके कुछ चूक हो गई।

## बुजुर्ग के शरीर पर थूककर तीन लाख ले भागे बदमाश

**केटी न्यूज/पटना**

समस्तीपुर के गोलारोड में बदमाशों ने बैंक से रुपये निकासी करने जा रहे अधेड़ के शरीर पर थूक फेंक दिया। फिर सॉरी बोल पास के चापाकल पर थूक साफ कराने लगा। इसी दौरान उसका दूसरा साथी साढ़े तीन लाख रुपये से भरा झोला लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में बताया गया है कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर निजामत निवासी चंद्रशेखर राय पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से दोपहर साढ़े तीन लाख रुपये लेकर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गोला रोड के पास पहुंचे तो एक बाइक पर सवार दो बदमाशों में से एक युवक ने उसके ऊपर थूक फेंक दिया। फिर उनके नजदीक जाकर सॉरी बोलकर उन्हें कहा चलिए कपड़ा धुलवा देते हैं। चंद्रशेखर अपनी साइकिल सड़क किनारे लगाकर रुपये से भरा झोला चापाकल के पास रखकर थूक साफ करने लगा। इसी दौरान बदमाश का दूसरा साथी रुपये से भरा झोला लेकर फरार हो गया।

## जमुई में बच्चे का अपहरण, मांगी रंगदारी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में अपहरण का दौर फिर शुरू हो गया है। इस बार 14 साल के बच्चे का अपहरण हुआ है। पिता से रंगदारी मांगी और नहीं देने पर उसके सामने बेटे को रख लिया और फिरौती में 15 लाख रुपये लेकर आने कहा। जमुई में झाझा थानाक्षेत्र के बोड़वा बाजार निवासी मछली व्यवसायी के बेटे को नकाबपोश अपराधियों ने अगवा किया। इसको लेकर पीड़ित पिता ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है। इधर, अपहरण हुए नाबालिग लड़के की पहचान झाझा थानाक्षेत्र के बोड़वा बाजार निवासी मछली व्यवसायी फुहल पंडित का 14 वर्षीय पुत्र वरूण पंडित के रूप में हुई है।

वहीं, घटना के बाद वरूण के घर में बेटे को लेकर किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी है। बताया जाता है कि मछली व्यवसायी फुहल पंडित को मंगलवार को चौकीजोर के एक व्यक्ति ने एक हजार रुपये एडवांस में देकर चालीस किलो मछली देने का आर्डर दिया। उसके बाद बुधवार को अपने पुत्र वरुण कुमार के साथ फुहल पंडित मछली पहुंचाने चैकीजोर जा रहा था। तभी बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रगदानगर के पास छह नकाबपोश अपराधियों ने बेटे को पकड़ लिया और 15 लाख रुपये की रंगदारी की मांग किया, जिसके बाद फुहल ने इतने पैसे नहीं होने की बात कहा तो अपराधियों ने पिता को छोड़कर बेटे को बंधक बनाकर तीन लाख रुपये पहुंचा देने की धमकी दिया। इधर, झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार, थानाध्यक्ष राजेश शरण, बांका जिला अंतर्गत बेलहर थाना के पुलिस पीड़ित परिवार से पूरी जानकारी लेने के लिए उसके घर पंहुचा। फिलहाल, झाझा और बेलहर थाना की पुलिस संयुक्त रूप से वरूण की सकुशल बरामदगी को लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।



## खबरें फटाफट

### इंडियन बैंक के रिकवरी एजेंट की बाइक चोरी

डुमरांव। पुराना भोजपुर स्थित इंडियन बैंक के रिकवरी एजेंट विरेन्द्र यादव की बाइक उचक्कों ने चुरा ली है। हालांकि उनकी हरकत बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो उचक्कें उनकी बाइक को चुरा भाग रहे है। पीड़ित रिकवरी एजेंट ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के चंदा गांव निवासी विरेन्द्र यादव ने इस मामले में नया भोजपुर ओपी में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया है कि वह बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर अंदर कुछ जरूरी कामों को निपटा रहा था। इसी दौरान उचक्कों ने उसकी हिरो कंपनी की बाइक चुरा ली। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### 180 ग्राम गांजा के साथ तस्कर धराया

नावानगर। गिरिधर बराव गांव के एक किराना दुकान से पुलिस ने 180 ग्राम गांजा बरामद किया है। साथ ही मौके से दुकानदार सह तस्कर को भी पुलिस ने धर दबोचा है। गिरफ्तार गांजा तस्कर विनोद कुमार साह है। ओपी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी, कि गिरधर बरांव गांव में किराना दुकान की आड़ में गंजा की तस्करी हो रही है। सूचना पर सोनवर्षा ओपी पुलिस ने चिन्हित तस्कर के दुकान पर छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान उसके किराना दुकान से 180 ग्राम गंजा बरामद किया गया। मौके से तस्कर को भी गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

### नीतू हत्याकांड में पिता ने पति समेत आठ पर दर्ज कराया एफआईआर

डुमरांव। मंगलवार की रात कोरानसराय थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में नव विवाहिता नीतू देवी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पिता नावानगर थाना क्षेत्र के अमृत राय के डेरा निवासी उपेन्द्र सिंह ने उसके पति समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में उपेन्द्र ने पति संतोष कुमार सिंह, ससुर सतेंद्र सिंह, भसुर सोनू सिंह के अलावे छोटे ससुर, जेठानी, देवर, ननद सहित आठ को नामजद करते हुए दहेज में मोटी रकम मांगने का आरोप लगाया है। हालांकि घटना के बाद से ही ससुराल पक्ष वाले फरार हो गए है। जबकि एफआईआर दर्ज कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी व मामले के अनुसंधान में जुट गई है। कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नीतीश कुमार अति पिछडा वर्ग के लिए कुर्सी छोड़ें : चौधरी

बक्सर। भाजपा नेता आदित्य चौधरी ने बिहार में जातीय सर्वे का सम्मान करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अति पिछड़ो के लिए गद्दी छोड़ देना चाहिए। क्योंकि जातीय सर्वे में सबसे बड़ी आबादी अति पिछड़ा वर्ग की है जो 36 फीसदी है। भाजपा को जब बिहार के सत्ता में मौका मिला तब अति पिछड़ा समाज की बेटी रेणु देवी को उपमुख्यमंत्री बनाया था। आदित्य चौधरी ने सीएम नीतीश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अत्यंत पिछड़ा वर्ग में मल्लाह जाति के कई उपजातियों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर उनके राजनीतिक ताकत को कमजोर किया गया है। मल्लाह जाति की सभी उपजातियों को एक वर्ग में रखा जाता तो इसकी आबादी 9.6450 फीसदी होती।

## मुरार थाना क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर गांव की घटना, चोरी की घटना से लोग परेशान

# बंद घर में भीषण चोरी, 75 हजार नकद व करीब छह लाख के गहने ले उड़े चोर

♦ तीन माह से बंद था घर, पड़ोसियों की सूचना पर नोएडा से पहुंचे गृहस्वामी ने दर्ज कराया एफआईआर



**केटी न्यूज/चौगाईं**

तीन माह से बंद पड़े एक घर में चोरों ने चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। मामला मुरार थाना क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर गांव का है। चोरों ने बंद घर से 75 हजार नकद, छह लाख रूपए मूल्य के सोने व चांदी के गहनों तथा कीमती कपड़ो व बर्तनों पर हाथ साफ कर लिया है। इसकी जानकारी मिलते ही दिल्ली के नोएडा में रह रहे गृहस्वामी समेत पूरे परिवार में हड़कंप मच गया तथा गृहस्वामी दौड़े भागे पैतृक गांव पहुंचे तथा स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

एफआईआर दर्ज कर स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बीच गांव में हुई चोरी की इस वारदात के बाद ग्रामीणों में भी चोर उचक्कों का भय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार तीन महीना पहले ठोरी पांडेयपुर के अलख राज पांडेय का निधन हो गया था। उनके श्राद्धकर्म के बाद इकलौते पुत्र राजकुमार पांडेय घर में ताला जड़ बीमार मां को अपने साथ नोएडा लेकर चला गया था। इसी दौरान संभवतः मंगलवार की रात उनके दरवाजे के पास स्थित एक खंडहरनुमा घर के रास्ते चोर उनके आंगन में प्रवेश कर गए तथा दो कमरों में रखे गए आलमीरा का ताला तोड़ आराम से चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने उक्त घर से 75 हजार रुपये नकद के अलावे सोने का दो चैन, गले का एक हार, तीन मंगलसूत्र, चार चुड़ियां, चार अंगूठी, मंगटीका, टॉप्स, चांदी के आभूषणों व कीमती साड़ियां और बर्तनों की चोरी की है।

मंगलवार को दोपहर मुख्य दरवाजे के सामने कुछ सामान बिखरे पड़े थे। जिसे देख पड़ोसियों को उनके घर में चोरी होने की आशंका हुई तथा पड़ोसियों ने वीडियो कॉलिंग पर जब राजकुमार को उक्त सामानों को दिखाया तो वे तत्काल अपने घर के सामानों को पहचान गए। इसके बाद वे अपने गांव पहुंचे तथा मुरार थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए।

**कई बिंदुओं पर की जा रही है जांचः** इस संबंध में मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने कहा कि चोरी की वारदात हुई है। गृहस्वामी के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर चोरों का पता लगाया जा रहा है। इस मामले के उद्भेदन के लिए कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## बैंक से रुपए निकाल घर जा रहे अधेड़ से 55 हजार की छिनैती

**डुमरांव के गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप के बीच की घटना**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में लूट व उचक्कई की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार की शाम उचक्कों ने एक अधेड़ से 55 हजार झपट लिए है। घटना डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर शहर से बाहर गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप के बीच की है। एक अपाचे बाइक पर सवार दो की संख्या में लूटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। बैंक से 55 हजार रूपए निकाल ई रिक्शा से घर जा रहे अधेड़ को ई रिक्शा रूकवा उचक्कों ने रूपयों से भरा बैग पलक झपकते ही झपट लिया।

इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान शुरू कर दी। लेकिन इसके पहले ही उचक्कें सुरक्षित भाग निकले थे। पीड़ित अधेड़ मुरार थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव निवासी स्व जानकी महतो के पुत्र गिरजा महतो ने बताया कि वे बुधवार को डुमरांव एसबीआई से 55 हजार रूपए की निकासी कर ई रिक्शा से अपने गांव वापस लौट रहे थे। रूपया झोला में रखे थे। जैसे ही ई रिक्शा शहर से बाहर निकला तथा गैस एजेंसी से आगे बढ़ा कि एक अपाचे बाइक पर सवार दो नकाबपोश ओवरटेक कर ई रिक्शा को जबरन रूकवाए तथा कुछ समझने के पहले ही पलक झपकते ही रुपयों से भरा बैग छिन तेजी से भाग निकले।

इस घटना के बाद पुलिस घंटो वाहन चेकिंग अभियान चलाते रही। लेकिन उनका सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने स्थानीय थाने में अज्ञात उचक्कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उचक्कों के पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जल्दी ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। बता दें कि पिछले महीने अनुमंडल क्षेत्र में दो सीएसपी संचालकों तथा एक बैंक में लूट की घटना हुई थी। लगातार हो रही लूट व उचक्कई की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है।

## पत्नी की गड़ासी से काट हत्या करने वाले पति की भी मौत

**केटी न्यूज/सिमरी**

सोमवार को सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में घरेलू विवाद में गड़ासी से काट अपनी पत्नी की हत्या कर खुद भी जहर खाने वाले छठु यादव की मौत गुरुवार को सुबह इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हो गई है। सिमरी पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। छठु की मौत के साथ ही उसके दोनों बच्चें अनाथ हो गए है। वही पीड़ित परिवार में दोहरा मातम छा गया है। बता दें कि सोमवार को घरेलू विवाद में काजीपुर के महेश यादव उर्फ कली यादव के पुत्र छठु यादव ने अपनी 25 वर्षीय पत्नी ममता देवी को गड़ासी से काट डाला था और खुद भी जहर खा लिया था। गंभीर अवस्था में बक्सर सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि इस मामलें में मंगलवार को ही मृतका के भाई भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दांवा गांव निवासी मिलन यादव ने दहेज के लिए अपनी बहन की हत्या किए जाने का आरोप लगा पति, ससुर व देवर को नामजद किया था।



### अनाथ हुए बच्चे, कौन देगा सहारा

इस घटना में सबसे बदनसीब छठु और ममता के बच्चें साबित हुए है। बता दें कि दोनों के एक पांच वर्ष का पुत्र आदित्य तथा तीन वर्ष की एक बच्ची है। इन मासूमों के ममता मयी मां को सनकी पिता ने काट मौत के घाट उतार दिया था। वही वह खुद भी जहर खा लिया था जिससे उसकी भी मौत हो गई। दोनों की मौत से अब उनके बच्चें अनाथ हो गए है। ममता मयी मां का आंचल व पिता का साया छूटने से अब अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि उनकी परवरिश कौन करेगा। बता दें कि मां की मौत के बाद बच्चों के ननिहाल पक्ष ने परिजनों पर एफआईआर भी दर्ज करा दिया है। हालांकि मां की मौत के बाद से ही बच्चें अपने ननिहाल चले गए है।

## मैट्रिक व इंटर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 12 अक्टूबर तक बढ़ी

बक्सर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक एवं इंटर की वार्षिक परीक्षा 2024 के लिए फॉर्म भरने की तिथि में विस्तार किया है। नई विस्तारित तिथि के अनुसार अब परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित छात्र-छात्राएं भी फॉर्म भर सकेंगे। इसको लेकर फॉर्म नहीं भर पाने वाले छात्र-छात्राओं ने राहत महसूस कर रहे हैं। इसको लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अधिसूचना जारी कीहै। ज्ञात हो कि बिहार बोर्ड ने मैट्रिक एवं इंटर की 2024 में होने वाली परीक्षा को लेकर फॉर्म भरने की कई बार तिथि में विस्तार किया है।

## बड़का सिंहनपुरा बैंक लूट कांड में अंधेरे में तीर मार रही पुलिस

**केटी न्यूज/सिमरी**

बड़का सिंहनपुरा गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से लूट की घटना के एक पखवाड़े बाद भी पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। अभी तक लूटेरों की गिरफ्तारी की बात तो दूर पुलिस इस घटना में शामिल गिरोह की पहचान तक नहीं कर सकी है। जबकि इस घटना के बाद से अभी तक बैंक कर्मी सहमें हुए है। लूटेरों की गिरफ्तारी नहीं होने से कई सवाल खड़े हो रहे है। बता दें कि 20 सितंबर की शाम बैंक बंद होने के समय सात की संख्या में हथियारबंद व नकाबपोश लूटेरें बैंक में प्रवेश कर हथियार के बल पर कर्मियों तथा ग्राहकों को कब्जे में ले 19 लाख 48 हजार 248 रूपए लूट लिए थे। इस घटना को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया था। एसपी मनीष कुमार ने डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मामले की शीघ्र उद्भेदन का निर्देश दिया था। लेकिन यह टीम अभी तक लूटेरों को गिरफ्तार नहीं कर सकी हैं। लूटेरों की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कहा कि बैंक लूट की घटना को चुनौती के रूप में लिया गया है। इसका उद्भेदन शीघ्र किया जाएगा। पुलिस लूटेरों के करीब पहुंच चुकी हैं। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नकली नोट छापने, हथियारों की तस्करी का आरोपी मोस्ट वांटेड आरजू खान गिरफ्तार

♦ यूपी के विभिन्न थानों के अलावा बक्सर में आरजू खान पर दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के औद्योगिक थाना की पुलिस की मदद से यूपी पुलिस ने गुरुवार को नकली नोट छापने, हथियारों की तस्करी करने के आरोपी व मोस्ट वांटेड आरजू खान को सारीमपुर से गिरफ्तार किया है। आरजू खान उत्तर प्रदेश का वांछित अपराधी है। वह फरार चल रहा था।

उसके खिलाफ यूपी के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। औद्योगिक थानाध्यक्ष राजेश कुमार मालाकार ने बताया कि रकीब उर्फ आरजू खान के विरुद्ध बक्सर में एक दो आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि यूपी में हथियार और गो तस्करी समेत कई मामले दर्ज हैं। इनमें उत्तर प्रदेश पुलिस को उसकी लम्बे समय से तलाश थी। मंगलवार को आरोपित के एक कार से जाने की सूचना मिलते ही यूपी पुलिस उसके पीछे लग गई और पीछा करते हुए बक्सर उसके घर तक पहुंच गई। यूपी पुलिस उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अपने साथ ले गई।



पकड़ा गया अपराधी बेहद ही शातिर माना जाता है। वह यूपी से आपराधिक घटना को अंजाम देकर सीमावर्ती बक्सर जिले के सारीमपुर में अपने पैतृक घर मे शरण ले लेता था। वर्ष 2019 में सारीमपुर निवासी रकीब खान उर्फ आरजू नामक इस अपराधी को उत्तर प्रदेश के नरही में जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया था।

**विजयादशमी महोत्सव पर हर साल रामलीला मंच पर होता है आयोजन**

# कल से किला मैदान में होगा रामलीला व कृष्णलीला का मंचन

**केटी न्यूज/बक्सर**

विजयादशमी महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रत्येक साल रामलीला मंच पर आयोजित होने वाले रामलीला व कृष्णलीला मंचन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार खास तौर पर भगवान वामन के अवतार का भी मंचन किया जाएगा। रामलीला व रासलीला के लिए वृंदावन से कलाकारों की मंडली बक्सर पहुंच चुकी है। शनिवार को संध्या सात बजे इसका उदघाटन किया जाएगा।

शुभारंभ लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंथ श्री श्री 1008 श्री राजगोपालाचार्य जी के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होगा।



उक्त आशय की जानकारी श्री रामलीला समिति के सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा एवं संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता ने प्रेस बयान जारी कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि विश्वप्रसिद्ध वृंदावन की प्रख्यात मंडली श्री नन्द नंदन रासलीला एवं रामलीला मंडल के स्वामी करतार ब्रजवासी के सफल निर्देशन में 21 दिनों तक दिन में कृष्णलीला और रात्रि में रामलीला प्रसंग का मंचन किया जायेगा। यह कार्यक्रम शनिवार से 27 अक्टूबर तक चलेगा।

इस बार विजयादशमी महोत्सव में विशेष रूप से भगवान वामन अवतार के प्रसंग को जोड़ा गया हैं। जिसमें बक्सर वासी इस महत्वपूर्ण प्रसंग का दर्शन करेंगे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए पदाधिकारी द्वय ने बताया कि 07 अक्टूबर को संध्या पहर रामलीला मंच पर विजयादशमी महोत्सव का गणेश पूजन एवं शिव पार्वती विवाह के साथ भव्य शुभारंभ होगा। 21 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में हर दिन अलग अलग दृश्यों का मंचन किया जाएगा। इस आयोजन को ले जिलेवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बता दें कि दशहरा के दौरान बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में आयोजित होने वाले रामलीला व रासलीला का इंतजार पूरे साल जिलेवासी करते है तथा हर साल हजारों की संख्या में दर्शक नियमित रूप से दिन व रात में होने वाले रामलीला व रासलीला के आयोजन को देखने आते है तथा अलग अलग दृश्यों को देख भाव विभोर होते है। इस आयोजन से इलाके का माहौल भी भक्तिमय बना रहता है।

## एक नजर

### जातीय जनगणना से असंतुष्ट कुशवाहा समाज ने फूंका मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला



बक्सर। जातीय जनगणना से असंतुष्ट कुशवाहा समाज ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका फूंक विरोध जताया है। पुतला दहन का यह कार्यक्रम युवा कुशवाहा समाज ने शहर के ज्योतिप्रकाश चौक पर किया। पुतला दहन से पूर्व युवा कुशवाहा समाज ने शहर के विभिन्न मार्गों पर जोरदार प्रदर्शन किया और कहा कि नीतीश कुमार में दम नहीं 14 प्रतिशत से कम नहीं का नारा भी बुलंद किया। जिसमें काफी जनसंख्या में कुशवाहा समाज के युवा शामिल थे। कुशवाहा समाज के युवाओं का कहना था कि बिहार में अभी जो जाति जनगणना हुई है उसमें सत्ता में रहने वाले पक्ष अपनी जाति को अग्रणी पंक्ति में खड़ा किए हैं। जबकि जानबुझकर कुशवाहा की आबादी को कम दिखाया गया हैं। उनका कहना है कि अगर कुशवाहा की जनसंख्या अधिक दिखाई दी गई तो कुशवाहा भी अपने हक और अधिकार की मांग करने लगेंगे और सत्ता में शामिल होकर अपनी समाज की आवाज को बुलंद करेंगे। पुतला दहन में युवा नेता अनीश मौर्य, कृष्णा महतो, राहुल कुमार मौर्य, चंद्रगुप्त मौर्य, सोनू कुशवाहा, आशुतोष मौर्या, मनोज, लखन महतो समेत सैकड़ो संख्या में कुशवाहा समाज के युवा शामिल हुए।

### जीवित्पुत्रिका पर्व को लेकर नैनीजोर गांव में जरूरतमंदों के बीच सामग्री का वितरण



ब्रह्मपुर। प्रखंड के बड़की नैनीजोर गांव में जीवित्पुत्रिका पर्व का प्रसाद बनाने के लिए जरूरतमंद परिवारों की सैकड़ों व्रती महिलाओं के बीच खाद्य सामग्री का पैकेट वितरित किया गया। जिसमें गेहूं का आटा, मडुआ आटा, चीनी, रिफाइन इत्यादि शामिल था। यह वितरण कार्यक्रम स्थानीय समाजसेवी राजकुमार कुंवर के द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश सिंह भुवन उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह तथा शाहपुर की जिला पार्षद कृष्णा देवी शामिल थी। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 जरूरतमंद व्रती महिलाओं को खाद्य सामग्री का पैकेट दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह भुवन ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है, जहां पहली बार पुत्र के लिए व्रत करने वाली जरूरतमंद महिलाओं के बीच इस गांव के रहने वाले समाजसेवी ने खाद्य सामग्री का वितरण किया। यह हर सुपुत्र का कर्तव्य है कि वो अपनी माता के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस एवं गांव-मोहल्ले के जरूरतमंद माताओं एवं लोगों का ख्याल रखें। वहीं समाजसेवी राजकुमार कुंवर ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा को मानकर मैंने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिससे व्रती महिलाओं को अपने पुत्र के लिए प्रसाद बनाने में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में भाजपा के मंडल अध्यक्ष भुटेली तिवारी, धनजी पाण्डेय, चक्रधारी ओझा, प्रदीप मिश्रा, विजय शंकर तिवारी, संतोष मिश्र, शिवजी कसेरा, प्रिंस पीयूष, सतीश चंद्र राय, बिपिन सिंह, चंदन कुंवर आदि शामिल थे।

### अनुकंपा नियोजन समिति की हुई बैठक, नियोजन पत्र प्रदान करने पर बनी सहमति

बक्सर। नगर परिषद क्षेत्र में अनुकंपा पर आश्रितों की नियुक्ति को लेकर नगर परिषद में नियोजन समिति की एक बैठक गुरूवार को आयोजित की गई। बैठक नगर परिषद के सभाकक्ष में सभापति कमरून निशा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना मोहम्मद सारिक अशरफ एवं सदस्य नियोजन समिति सह वार्ड पार्षद मीरा देवी तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रेमस्वरूपम की उपस्थिति में हुई। जिसमें नगर परिषद क्षेत्र में रिक्त पदों पर अनुकंपा आश्रितों की नियुक्ति को लेकर चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता सभापति कमरून निशा ने की। उक्त बैठक में अनुकंपा पर शिक्षक नियोजन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित आवेदकों द्वारा प्राप्त अनुकंपा नियोजन संबंधित सभी दस्तावेजों का जांचोपरांत नियोजन पत्र प्रदान करने पर सहमति प्रदान की गई।



# छूटे हुए लाभुकों के लिए कल से शुरू होगा एमडीए का फॉलो अप राउंड

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान का आज समापन है। जिसके बाद राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर सभी प्रखंडों में सात अक्टूबर से फॉलो अप राउंड चलाया जाएगा। जिसमें एमडीए के दौरान छूटे हुए लाभुकों को विशेष अभियान के तहत दवाओं का सेवन कराया जाएगा। ताकि, हर हाल में सभी लाभुकों को दवाओं का सेवन सुनिश्चित किया जाएगा। जिसको लेकर जिले के सभी प्रखंडों में अनुश्रवण और निगरानी तेज कर दी गई है। इस क्रम में प्रतिदिन प्रखंड के सभी पंचायतों में फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा लोगों को दवाओं का सेवन कराने और छूटे हुए लाभुकों की संख्या का अनुश्रवण किया जा रहा है।



बिहिया प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी एमडीए अभियान को सफल बनाने का कार्य जोरों पर है। जिसके तहत

**अभियान में नहीं छूटेगा कोई भी घर :** बीसीएम राजू सिन्हा ने बताया कि प्रखंड में एमडीए के पूर्व सभी आशा फैसिलिटेटर व आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसके कारण एमडीए अभियान के दौरान किसी प्रकार की समस्या सामने नहीं आई। जैसा की उन्हें बताया गया था कि किसी भी लाभुक को खाली पेट दवाओं का सेवन नहीं कराना है, इस कारण अभियान के दौरान एडवर्स एफेक्ट के मामले भी कम रहे। जो अपने आप में बड़ी बात है। साथ ही, यह लोगों के जागरूक होने का संकेत भी है। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के बाद प्रखंड के सभी पंचायतों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित किया जाएगा। उसी आधार पर फॉलोअप राउंड में लोगों को दवाओं का सेवन करा कर लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

**फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सबके लिए जरूरी :** अप मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. के.एन. सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए फाइलेरिया एक अभिशाप है। जिसे खत्म करने में स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सबके लिए जरूरी है। लेकिन यह तब तक संभव नहीं है, जब तक जिले के लोगों का पूरा सहयोग नहीं मिलेगा। फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए अभी लोग आगे आएं और दवाओं का सेवन कर अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अब फाइलेरिया पेशेंट प्लेटफार्म के सदस्य भी आगे आ रहे हैं। जो लोगों को इस बीमारी के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर लोगों को दवाओं का सेवन करने के लिए जागरूक कर रहे हैं, जो अच्छी बात है। इससे लोग अभियान की महत्ता को बखूबी समझेंगे।

# दुर्घटना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत, अस्पताल में हंगामा



**केटी न्यूज/आरा**

नवादा थाना क्षेत्र के धोबी घटवा स्थित पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की दोपहर एक तेज रफ्तार डंपर ने 38 वर्षीय बाइक सवार युवक को रौंद डाला। जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों को पुलिस ने जख्मी युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव निवासी विश्वनाथ राय का बेटा अरुण कुमार था। जो शहर के पकड़ी रोड स्थित बाइक शोरूम में सुपरवाइजर था। कर्मी के मौत के बाद उनके परिजनों का आक्रोश भड़क उठा। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोशित परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर तांडव किया। एक महिला स्वास्थ्य कर्मी की पिटाई कर दी गयी और चिकित्सक के साथ मारपीट भी की।

इमरजेंसी वार्ड में जमकर तोड़फोड़ भी की गयी। उस दौरान में इमरजेंसी वार्ड के ओटी में ऑक्सीजन मशीन, बीपी व पल्स मशीन का मॉनिटर, टेबल पर रखे पानी के बोतल, इंजेक्शनों की शीशी कुर्सी और कुर्सियां तोड़ दी गयी। उसे लेकर इमरजेंसी वार्ड में करीब 2.5 घंटे तक बवाल काटा। जिसके कारण इमरजेंसी वार्ड की सेवा भी पूरी तरह ठप रही। मामले की सूचना पर सिविल सर्जन डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, अस्पताल प्रबंधक व डीपीएम मौके पर पहुंचे। वहीं, सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी की सूचना पर टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार और नवादा थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत भी पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस बल को भी बुला लिया गया। उसके बाद अफसरों को समझाने पर परिजनों को गुस्सा शांत हुआ। तब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

बाइक शोरूम कर्मी की मौत से गुस्साएं परिजन अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बताया कि डॉक्टर व कर्मियों ने समय पर इलाज शुरू नहीं किया। इंजेक्शन और दवा देने वाला कोई नहीं था। वे लोग इलाज के लिए चक्कर लगाते रह गये। उस कारण कर्मी की मौत हो गयी।

## खबरें फटाफट

### तार की चपेट में आने से मजदूर झुलसा

**आरा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव में गुरुवार की सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक मजदूर झुलस गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। झुलसा मजदूर चासी गांव निवासी नंद किशोर सिंह का 40 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। उसने बताया कि वह गांव में स्थित डेयरी फार्म में काम करता है। गुरुवार की सुबह वह गाड़ी पर डेरी फार्म का दूध लोड कर रहा था। वहां जमीन पर पहले से बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा था। दूध गाड़ी पर लोड करने के दौरान उसका पर उसी विद्युत प्रवाहित तार पर पड़ गया। जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गया और घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

### ट्रेन से गिरने से दुकानदार जख्मी

**आरा।** स्थानीय आरा रेलवे जंक्शन के एक नंबर प्लेटफार्म पर गुरुवार की शाम मोबाइल छीनकर भाग रहे उचक्के को पकड़ने के चक्कर में चलती ट्रेन से गिरकर एक कपड़ा दुकानदार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी दुकानदार गीधा ओपी क्षेत्र के सुरौंधा कॉलोनी निवासी एकरामुल हक का 18 वर्षीय पुत्र मो. सुफियान है। उसकी आरा में कपड़े की दुकान है। मो.सुफियान ने बताया कि वह हर रोज की तरह गुरुवार की शाम को अपनी दुकान बंद कर पैसेंजर ट्रेन से कोईलवर जा रहा था। आरा से ट्रेन खुलने के बाद मोबाइल से अपने भाई से बात करने लगा। तभी एक उचक्का झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लेकर भागने लगा। उसने उचक्के को दौड़कर पकड़ने की कोशिश की। उस दौरान वह चलती ट्रेन से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। बताते चलें कि आरा रेलवे स्टेशन पर हाल के दिनों में मोबाइल झपट्टा मार गिरोह काफी सक्रिय है। ट्रेन से लेकर प्लेटफॉर्म तक गिरोह द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हाल ही में गिरोह द्वारा सिपाही की परीक्षा देने आये एक युवक का मोबाइल छीन लिया गया था। विरोध करने पर उसके मारपीट भी की गयी थी।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला स्तरीय परियोजना प्रस्तुतिकरण में बोले मंत्री

# सरकार ने गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा राज्य में कराया है उपलब्ध

- मंत्री ने राज्य सरकार के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को कराया अवगत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

साइंस फॉर सोसायटी, बिहार के तत्वावधान में गुरुवार को 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला स्तरीय परियोजना प्रस्तुतिकरण का आयोजन मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दक्षिणी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग मंत्री सुमित कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी रिची पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर किया।

सभी अतिथियों को शॉल, बुके एवं मोमेंटो सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों, मार्गदर्शक शिक्षकों, जिला आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुये मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा राज्य में ही उपलब्ध हो इसके कई उल्लेखनीय कार्य राज्य सरकार द्वारा



किये गये हैं। राज्य के प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक संस्थानों में शिक्षण कार्य प्रारंभ होने से सूबे के विद्यार्थियों को काफी फायदा मिला है। मंत्री ने विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्टता की ओर ले जाने का कार्य हो रहा।

**विद्यार्थियों को मिल रहा तकनीकी संस्थानों का लाभ:** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि जिले में इंजीनियरिंग कालेज, आईटीआई संस्थान इत्यादि तकनीकी संस्थानों का लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। राज्य सरकार की संबंधित योजनाओं का लगभग शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जा रहा है। 31वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में इस बार सभी प्रखंडों के विद्यालयों से 200 से अधिक परियोजना प्रस्तुत की गयी। जो पिछले वर्ष के करीब 40 की तुलना में काफी अधिक है।

### इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को मिलता है मंच

स्वागतकर्ता सह मानस इंटरनेशनल स्कूल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अरूण कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का यह आयोजन मंत्री सुमित कुमार सिंह के आगमन और मार्गदर्शन से जिले के लिये ऐतिहासिक हो गया। जिससे जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना के विकास को बल मिलेगा। मानस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक निशांत रंजन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजनों से जिले की प्रतिभाओं को मंच मिलता है। अब जिले की प्रतिभाओं द्वारा राष्ट्रीय पटल पर भी जिले का नाम रौशन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण शर्मा ने की। कार्यक्रम में जी 20 अंबेसडर आभाष कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक मनोज कुमार, जिला समन्वयक समन्वयक श्रीकांत शर्मा, शैक्षणिक समन्वयक डॉ. उदय शंकर मिश्र, राधा कृष्णन शर्मा, सह समन्वयक पंकज कुमार सहित जिला आयोजन समिति के सदस्य, निर्णायक मंडल के सदस्य, मार्गदर्शक शिक्षक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक नागरिक उपस्थित थे। मंच का संचालन ललित शंकर पाठक ने किया। जिला स्तरीय परियोजना प्रस्तुतिकरण के मूल्यांकन सत्र में सभी प्रतिभागी बाल वैज्ञानिकों का निर्णायक मंडल द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के मानकों के अनुसार किया गया। चयनित बाल वैज्ञानिकों को राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# शराब का अवैध कारोबार करने वाले को 6 साल की कैद

**आरा।** उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश द्वितीय अरुण कुमार शर्मा ने गुरुवार को 70 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ाये जाने के एक मामले में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी आरोपी जय तिलक पासवान को 6 साल का सश्रम कैद व एक लाखे रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक जुगेश्वर प्रसाद उर्फ हीरा ने बहस किया था।

उत्पाद विभाग के एपीपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 24 मई 2021 को गजराजगंज ओपी के सब इंस्पेक्टर सुभाष तिवारी ने गुप्त सूचना पर धमार गांव निवासी जय तिलक पासवान पिता शिवाजी पासवाने को साइकिल पर 70 लीटर देशी शराब के साथ कारीसाथ मध्य विद्यालय के समीप गिफ्तार किया था। शराब बरामदगी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक हीरा ने बताया कि कोर्ट में अभियोजन की ओर से4 गवाहों की गवाही हुई थी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने मद्यनिषेध व उत्पाद एक्ट की धारा 30(ए) के तहत दोषी पाते हुए आरोपी जय तिलक पासवान को 6 वर्ष के सश्रम




## घर की गंदगी सड़कों पर ना फेंके



**जहानाबाद।** ये मत कहो कि मंजिल कठिन है, मंजिलों से कह दो कि मेरा हौसला बड़ा है। यही अंदाज आज मानस विद्यालय बभना के छात्र एवं छात्राओं ने स्वच्छता पखवारा जो की महात्मा गांधी जी के जन्मदिन से शुरू हुआ को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता अभियान प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाल कर बभना स्थित गांव में घूम घूम कर ग्रामीणों को जागरूक करते नजर आए। विद्यालय के मेन गेट से लेकर रोड तक सड़क के दोनों ओर वहां के ग्रामीण मल मूत्र का त्याग करते हैं। जिससे बच्चों एवं अन्य आने जानें वाले लोगों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। इस घटना के ऊपर काफी विचार विमर्श के बाद प्राचार्य अजय कुमार ने चैयरमैन डॉ. नवल किशोर के दिशा निर्देश पर इस सफाई जागरूकता अभियान की शुरूआत की। इस जागरूकता रैली में कक्षा पांच से लेकर कक्षा दस के छात्र एवम छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के बैनर एवं पोस्टर हाथों में लेकर बभना ग्राम के गालियों मे घूम घूम कर ग्रामीणों से हांथ जोड़कर विनती की और उनको सफाई की अहमियत समझाई जिससे गांव की औरतें, बच्चे, नौजवान एवम वृद्ध लोग भी सहमत नजर आए।

# करंट प्रवाहित पोल के संपर्क में आने से पेंटर की हुई मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में करंट लगने से 37 वर्षीय एक युवा पेंटर की मौत हो गयी। घटना तब हुई जब वह काम के दौरान पेशाब करने के लिए एक घर से बाहर निकला। जहां वह बिजली के पोल में दौड़ करंट की चपेट में आ गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के कुजवा चकिया गांव निवासी स्व. मिश्री लाल सिंह के बेटा हरखेन कुमार था। वह आरा में पुट्टी का काम करने आया था। उसके साथ काम कर रहे रिश्ते के भतीजे वीरेन्द्र सिंह भी आया हुआ था। जिसने परिजनों को इसकी सूचना दी।

वीरेन्द्र ने बताया कि गांव के छह लोग आरा के जगदेव नगर मोहल्ले में पेंटिंग व पुट्टी का काम कर रहे हैं। सभी लोग रोज सुबह ट्रेन से आते हैं और शाम में चले जाते हैं। वह गुरुवार की सुबह भी वे आएं और पुट्टी का काम करने लगे। इस बीच उसके चाचा पेशाब करने के लिए बाहर गए थे। वहां लगे एक बिजली का पोल में करंट आ रहा था। लौटने



के दौरान उनका हाथ उस बिजली के पोल के संपर्क में आ गया। जिससे वो करंट की चपेट में आ गये और वहीं पर गिर पड़े। कुछ देर तक वह नहीं लौटे, उसने छत से देखा तो वह जमीन पर गिरा पड़े थे। तब उन्हें फौरन इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर उसके परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। उसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि मृत पेंटर अपने दो भाई और दो बहनों में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी जूली देवी, पुत्री अमृता, रीता, पुत्र अमरजीत कौर इंद्रजीत हैं। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।




हाथीपांव के बारे में पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्य जागरूकता लाने में कर रहे मदद

# पिंडदानियों को मिली फाइलेरिया से सुरक्षित रहने की जानकारी

**केटी न्यूज/गया**

जिला में पितृपक्ष मेला जोर-शोर से चल रहा है। पिंडदानियों के आने का सिलसिला जारी है। पिंडदानियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। यहां पर उन्हें आम बीमारियों के इलाज की सुविधा मिल रही है।

वहीं स्वास्थ्य शिविर पहुंचने वाले पिंडदानियों को मच्छर से होने वाले फाइलेरिया रोग के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। पिंडदानियों को हाथीपांव होने के कारणों तथा प्रभावित अंग की देखभाल की जानकारी दी जा रही है।




जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग को फाइलेरिया मरीजों द्वारा बनाये गये पेशेंट सपोर्ट ग्रुप का सहयोग मिल रहा है। चाकंद तथा मानपुर में फाइलेरिया मरीजों ने मिल कर पेशेंट सपोर्ट ग्रुप तैयार किया है। ये फाइलेरिया मरीज आमजन को हाथीपांव रोग की गंभीरता के बारे में बताते हैं। सामुदायिक स्तर पर हाथीपांव मरीजों द्वारा की गयी पहल काबिले-तारीफ है.इसलिए इस पितृपक्ष मेला में उनसे फाइलेरिया के प्रति जागरूकता लाने में मदद ली गयी है।

**फाइलेरिया मरीज कर रहे जागरूक :** पितृपक्ष में गया कॉलेज खेल परिसर तथा टेंट सिटी गांधी मैदान में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में हाथीपांव रोगियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर में आने वाले सभी मरीजों को फाइलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्य नंदू पासवान, सरयू लाल तथा उर्मिला देवी आदि स्वास्थ्य शिविर में फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता ला रहे हैं। इनके द्वारा पिंडदानियों को बताया जा रहा है कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसलिए मच्छर से बचाव आवश्यक है। रोग से बचाव के लिए फाइलेरियारोधी दवा लेना जरूरी है।

**दो पिंडदानियों में मिला हाथीपांव रोग :** खेल परिसर स्थित स्वास्थ्य शिविर में दो पिंडदानियों को फाइलेरिया रोगी के रूप में चिह्नित किया गया है। उन्हें हाथीपांव है। दोनों पिंडदानी मध्यप्रदेश के गोंडा से हैं। पेशेंट सपोर्ट ग्रूप द्वारा पिंडदानियों को प्रभावित अंगों को चोट नहीं लगने या जख्म नहीं होने देने की सलाह दी गयी तथा साफ-सफाई के बारे में बताया गया।



## खबरें फटाफट

### 1.12 किग्रा गांजे के साथ आरोपी पकड़ाया

**बलिया।** रेवती थाने की पुलिस ने हड़िहाकला गांव के पास से गुरुवार की दोपहर एक किलो 120 ग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी जवाहिर बिंद हड़िहाकला गांव का रहने वाला है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध आदमी थैला लेकर हड़िहाकला गांव के पास खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही आरोपी जवाहिर बिंद भागने लगे, तभी पुलिस उसे पकड़ लिया। जमातलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक किलो 120 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी रेवती थाने में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था तथा जेल भी गया था। जमानत पर निकलने के बाद आरोपी एक बार फिर इसी धंधे में जुट गया।

### विवाहिता की मौत

**बलिया।** सिकंदरपुर कस्बे के मैनापुर में बुधवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अत्यं परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनम वर्मा 25 पुत्री शिवजी वर्मा निवासी कठौड़ा की शादी सिकंदरपुर कस्बा के मोहल्ला मैनापुर निवासी ध्रुप चंद वर्मा के पुत्र हरेराम वर्मा से बीते 31 जून 2022 को हुई थी। बताया जा रहा है की उसकी तबियत महीनो से खराब था। वह अपने रूम में ही थी। बुधवार को घर की महिलाए आवाज लगाई तो आवाज न पाकर कमरे में गई तो सोनम बेहोश पड़ी थी। ससुराल पक्ष के लोगो द्वारा तुरंत इसकी सूचना मायके पक्ष के लोगो को दी गई और इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर गए लेकिन सोनम का मौत हो गई। सोनम के पति हरेराम वर्मा दिल्ली में काम करता है। घटना की सूचना पाकर मौके पर चौकी इंचार्ज रविन्द्र पटेल ने पहुंच कर मृतक का शव कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए बलिया भेज दिया।

### झाड़ियों से राहगीरों को हो रही परेशानी

**मऊ।** रतनपुरा ठैचा मार्ग पर जगह जगह सड़क की पटरियों के किनारे उगी हुई बड़ी बड़ी झाड़ियां लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे निकली हुई इन झाड़ियो के कारण इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सिंगल मार्ग से ग्रामीण अपने साइकिल, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन से ब्लाक मुख्यालय से लगाये जिला मुख्यालय की दूरी तय करते है। मुख्य सड़क के दोनों किनारे उगी हुई झाड़ियो के सड़कों पर आ जाने के कारण आने जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। कहीं कहीं टहनिया सड़क के ऊपर लटक जाती है। जिसके कारण इस मार्ग से आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क की पटरियों पर उगी हुई झाड़ियों को साफ कराने की मांग की है।

### स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मऊ।** स्वास्थ्य विभाग मऊ एवं आरबीएसके के संयुक्त प्रयास से मधुबन के दुबारी स्थित शिक्षा संस्थान इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीच विभाग द्वारा आयरन एवं कैल्शियम की गोलियां नि:शुल्क वितरित की गयीं। उन्हें अपने जीवन शैली में कई प्रकार के बदलाव के सुझाव दिये गये। आंगनबाड़ी से जुड़ी महिलाओं द्वारा पौष्टिक गुणों से भरपूर विभिन्न प्रकार के आहार के स्टाल लगाकर बच्चों को यह बताने की कोशिश की गई कि कैसे बैलेंस डाइट से खुद को स्वस्थ रखा जा सकता है। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता पर आधारित कई प्रकार के गीत, डान्स व नाटक के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# रंग लाया सांसद का प्रयास, महुली घाट पर पुल को मिली हरी झंडी

❑ सोनबरसा से आरा की होगी कनेक्टिविटी, 25 किमी लंबी बनेगी सड़क

**केटी न्यूज/बलिया**



राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को सोनबरसा मोड़ से राष्ट्रीय उच्च पद संख्या 122 को आरा के पास जोड़ने व महुली गंगा पर सड़क पुल बनाने के लिए भारत सरकार ने हरी झंडी दे दी है। इसमें कुल 595 करोड़ रुपये खर्च आने की सम्भावना है। जानकारी देते हुए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि सोनबरसा मोड़ से दलन छपरा रामपुर कोडरहा महुली घाट के रास्ते दो लेन की सड़क और महुली गंगा पर पक्का सड़क पुल बनेगा। सड़क की लंबाई 25 किलोमीटर व पुल की लंबाई डेढ़ किलोमीटर होगी। यानी कुल 26.5 किलोमीटर लंबाई की सड़क आरा बाइपास से सोनबरसा मोड़ तक बनेगी। सड़क निर्माण में 200 करोड रुपए लागत की अनुमान है। जबकि पुल में कुल लागत 165 करोड़ 75 लाख रुपए का अनुमान है। जमीन व अन्य खर्च मिलकर लागत 595 करोड़ होने की उम्मीद है।

सांसद ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को जोड़ने के लिए 400 करोड रुपए की मंजूरी मिली है। वही माल्देपुर से ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए 100 करोड रुपए की मंजूरी भारत सरकार ने दी है। सांसद ने स्पष्ट किया कि सोनबरसा से आरा को जोड़ने वाली सड़क और महुली में गंगा नदी पर पक्का पुल बन जाने से बैरिया से 2 घंटे में पटना पहुंचा जा सकता है। आरा पहुंचने में अधिकतम एक घंटे का समय लगेगा। इस सड़क और पुल के बन जाने से जनपद के विकास का मार्ग तेजी से प्रशस्त होगा।

**डीपीआर बनाने के लिए विभाग को मिल चुका एक करोड़ 48 लाख :** एनएचआई के आजमगढ़ के परियोजना निदेशक एसपी पाठक ने बताया कि उक्त परियोजना को भारत सरकार ने मंजूरी दी है। डीपीआर बनाने के लिए विभाग को एक करोड़ 48 लाख रुपए मिल चुके हैं। जल्द से जल्द डीपीआर बनाकर प्रस्तुत करने का आदेश प्राप्त हुआ है।डीपीआर बनने के बाद इसके लिए डीपीआर के अनुसार धन अमुक्त होगा, और उसके बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी,टेंडर होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव



**बलिया।** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के देवस्थली विद्यापीठ के पास नाले में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक अधेड़ का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकलवाया। परिजन एवं ग्रामीण उसकी हत्या कर साक्ष्य छुपाने के नीयत से पानी मे फेंकने का आरोप लगाते हुए बलिया रसड़ा मार्ग को करीब आधे घंटे तक जाम कर दिया। जाम स्थल पर पहुंचे रसड़ा चेयरमैन विनय शंकर जायसवाल एवं क्षेत्राधिकारी रसड़ा फहीम कुरैशी ने जामकताओं को समझाया, तब जाकर ग्रामीण शांत हुए। जानकारी के अनुसार रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रसड़ा मल्लाह टोला निवासी काशी साहनी उम्र 45 वर्ष पुत्र लट्टू साहनी देवस्थली विद्यापीठ सवरा के पास झोपड़ी लगाकर रहता था। जहां सवरा नाले में मछली मारकर परिवार का भरण पोषण करता था। जिसकी संदिग्ध परिस्थितियों में पानी में शव मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि बुधवार की रात उसकी हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए फेंक दिया गया था। उसके शरीर पर चोट के निशान और नाक व मुहं से ब्लड भी निकला है। परिजनों और ग्रामीणों ने मामले की जांच और मुआवजे की मांग को लेकर बलिया रसड़ा मार्ग को करीब आधे घंटे तक जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विनय शंकर जायसवाल द्वारा परिवार के सदस्य को नगर पालिका में आउटसोर्सिंग पर रखे जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया।

### लंबित राजस्व वादों का करें निस्तारण: डीएम

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में तहसील मोहम्मदाबाद गोहना के विभिन्न न्यायालयों में 20 सितंबर तक लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। तहसील मोहम्मदाबाद गोहना के नायब तहसीलदार कोर्ट में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान कुल लंबित 554 वादों के सापेक्ष अब तक मात्र 163 मामलों के निस्तारण पर नायब तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान ऑनलाइन पोर्टल पर दर्शित आंकड़ों एवं समीक्षा हेतु प्रस्तुत आंकड़ों में अंतर पाए जाने पर उन्होंने नायब तहसीलदार एवं संबंधित पेशकार को कड़ी चेतावनी देते हुए सही आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तहसीलदार न्यायालय में कुल लंबित 4780 मामलों के सापेक्ष 20 सितंबर के उपरांत अब तक मात्र 397 मामलों के निस्तारण पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मोहम्मदाबाद गोहना को वादों के निस्तारण में तेजी लाते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की ली बैठक, कहा-

# अभिलेख जमा न करने पर सचिवों व ग्राम प्रधानों पर होगी प्राथमिकी



**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक गत बैठक के कार्य वृत्त के अनुपालन के संबंध में आयोजित की गई थी।

जिला पंचायती राज अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 9 मॉडल ग्राम पंचायतों के 21 ग्रामों की ग्राम स्वच्छता कार्ययोजना, व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण का लक्ष्य आवंटन, गंगा के किनारे बसे ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत स्वच्छ शौचालय के आवंटन पर विचार, मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के लिए बुलंदशहर ग्राम पंचायत शहजादपुर कनैनी में एक्सपोजर विजिट और ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाए जाने हेतु लक्षित आंकड़े का अनुपालन हो गया है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में सत्र 2023- 24 के अंतर्गत पिछले 6 महीने में जितने भी स्वच्छता संबंधी विकास कार्य हुए हैं, उसके अभिलेख और ऑडिट रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों जिला, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर से, जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उसमें कितनो पर जांच हुई और कितने आवेदन लंबित है, इसकी भी रिपोर्ट देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में हुए स्वच्छता संबंधी विकास कार्यों के अभिलेख और ऑडिट रिपोर्ट जमा न करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों एवं संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करवाते हुए संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। इस बैठक में जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र, जिला पंचायती राज अधिकारी यतेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी और ग्राम पंचायत सरयां एवं बेरूआरबारी के ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

### सुरभि स्थल व अन्य विकास कार्यों में जिम्मेदारी से कार्य प्रगति का निर्देश

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में सुरभि स्थल एवं अन्य विकास कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद में चल रह गो आश्रय स्थलों( सुरभि स्थल)के सौंदर्यीकरण और बेहतर रख- रखाव के बारे में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि गाय के गोबर एवं अन्य फसली अपशिष्ट को मिलाकर गौशालाओं में बनने वाले उत्पादों का बेहतर रख- रखाव और उसे लोगों के बीच प्रचारित किया जाए, जिससे उत्पादों की बिक्री हो सके। उन्होंने कहा कि जिन विकासखंडों में सुरभि स्थल नहीं है, वहां से संबंधित विकासखंड अधिकारी उप जिलाधिकारी से मिलकर सुरभि स्थल बनाने का प्रयास करें। अन्य विकास कार्यों में उन्होंने सहभागिता योजना, मनरेगा के कार्यों की समीक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा, कायाकल्प योजना, अमृत सरोवर, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पंचायती भवन सामुदायिक शौचालय के निर्माण एवं स्वच्छ भारत मिशन फेज- 2 जैसी योजनाओं की बारी- बारी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक तक जो भी योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया है उस पर कार्य प्रगति हो जानी चाहिए नहीं तो जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### वारंटी अभियुक्त धराया

**बलिया।** सिकंदरपुर थाने की पुलिस ने कुर्की के लिए उद्घोषित वारंटी अभियुक्त को हरदिया स्थित उसके घर से गुरुवार की शाम गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ सिकंदरपुर थाने में मारपीट सहित अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज है। लेकिन अभियुक्त प्रमोद सिंह काफी दिनों से फरार चल रहा था, न्यायालय द्वारा कुर्की का आदेश जारी करने के बाद पुलिस ने गुरुवार की शाम चार बजे हरदिया स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक बीते दिनों अभियुक्त प्रमोद सिंह के खिलाफ सिकंदरपुर थाने में मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था, लेकिन वो फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचनापर प्रमोद सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त प्रमोद सिंह को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है।




### टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

मऊ। जीएसटी राज्य कर की टीम लगातार विभिन्न मार्गों पर छापामारी करके टैक्स चोरी पकड़ रही है और उनसे जुमार्ना भी जमा कराया जा रहा है। गुरुवार को मऊ मोहम्मदाबाद मार्ग पर राज्य कर अधिकारी को सूचना मिलते ही कैलाश चंद एवं लवकुश राज्य कर अधिकारी द्वारा एसडीएम कार्यालय के निकट लगभग पांच चार पहिया वाहन पर समान लदे हुए गाड़ियों की चेकिंग किया। चेकिंग के दौरान एक डीसीएम जो वाराणसी से चलकर मुबारकपुर की ओर जा रही थी उसे सिग्नल देकर रोका जिसमें साड़ी से संबंधित धागे लगे हुए थे बाद में चालक को बुलाकर सभी प्रपत्रों की जांच की तो उसे जांच के दौरान प्रपत्रों में गड़बड़ी पाए जाने पर इस डीसीएम को अपने कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय को रवाना हो गई। इस बाबत पूछे जाने पर जीएसटी अधिकारी ने बताया कि लगभग 50 हजार की पेनल्टी जमा कराई गई है।

## चोर गिरोह के चार सदस्य समेत दो सोनार गिरफ्तार भारी मात्रा में सोने और चांदी के जेवरात बरामद

**केटी न्यूज/मऊ**

घोसी थाना पुलिस व एसओजी टीम ने हडहुआ फोरलेन के पास से दो मोटरसाइकिल सवार चार संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि पुलिस को देख अपराधी भागने लगे, जिनका पीछा कर पुलिस व एसओजी टीम ने किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में आभूषण बरामद किए गए। जिसमें 20 जोड़ी पायल, 05 मंगल सूत्र, 02 अंगूठी व 25 हजार रुपये, चोरी करने में प्रयुक्त कटर (ग्लैडर मशीन), लोहे का हथौठा व अन्य समान बरामद शामिल है। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पूछताछ में उक्त अभियुक्तगण द्वारा अपना नाम क्रमशः सूरज कुमार पुत्र रामानन्द निवासी हरदौली थाना दोहरीघाट,



रविशंकर पुत्र रामकेवल निवासी चिउटीडाड़ थाना दोहरीघाट, नीरज पुत्र बसन्त निवासी कुरौली थाना दोहरीघाट, अंकित वर्मा पुत्र दिनेश वर्मा निवासी कस्बा दोहरीघाट जनपद मऊ बताया।

एसपी अविनाश पाण्डेय ने बताया कि चोर गिरोह ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। जिसमें दो अक्टूबर की रात अमिला दरगाह मोड के निकट रेलवे क्रासिंग के पास ज्वैलरी शॉप पर सटर की कुण्डी तोड़ कर चोरी किया। 23 सितंबर की रात थानीदास नवकापुरा में एक घर में घुसकर आलमारी तोड़कर जेवरात व अन्य सामान चोरी किया गया था। वहीं, 14 सितंबर को ग्राम सीयरही में एक घर छत के माध्यम से घुस कर आलमारी तोड़ कर चोरी किया गया था। 14 सितंबर की रात ही उन्होंने तारंगपुर में एक घर से कुछ आभूषण चोरी किये थे। साथ ही, तीन-चार दिन पहले ही ग्राम मुहम्मदपुर हसनपुर चट्टी पर एक बन्द मकान में करकट तोड कर कुछ समान व जेवरात चोरी किया था। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर दिनेश वर्मा और किशोर वर्मा को गिरफ्तार किया गया तथा इनके कब्जे से चोरी के आभूषणों को गलाकर बनाये गये भारी मात्रा में नये तथा कुछ पुराने जेवरात बरामद किया गया। जिसमें 07 मंगल सूत्र, 19 अंगूठी, 20 लाकेट, 13 जोड़ी झाली, 76 जोड़ी बिछिया, 42 अंगूठी इत्यादि पीली/सफेद धातु।

## नहरों और ड्रेनों में सिल्ट सफाई के अनुमोदन के प्रस्तावों पर डीएम ने की बैठक, बोले

# सिल्ट सफाई के लिए मनरेगा के तहत भी होंगे कार्य

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में रबी फसल के पूर्व जनपद की नहरों एवं ड्रेनों की सिल्ट सफाई हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुमोदन के संदर्भ में बैठक जिलाधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि सिंचाई खंड मऊ के तहत जनपद के मुख्य नहरों से अलग कुल 174.635 किलोमीटर नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य किया जाना है, जिसमें प्रथम वरीयता के आधार पर कुल 146.235 किमी नहरों/ड्रेनों की सिल्ट सफाई की जानी है, जिसकी कुल लागत 64.49 लाख रुपए है।

शेष 28.4 किमी नहरों की सफाई द्वितीय वरीयता के आधार पर कराई जानी है, जिसकी कुल लागत 9.73 लाख रुपए है।इसके अलावा शारदा सहायक खंड -32 आजमगढ़ के अंतर्गत आने वाली नहरों के कुल 203.88 किमी नहरों /ड्रेनों की सिल्ट सफाई की जानी है,जिसकी कुल लागत 90.79 लख रुपए है। इस प्रकार जनपद में कुल 378.515 किलोमीटर लंबाई की नहरों/ड्रेनों की सिल्ट सफाई का कार्य किया जाना है।

जिलाधिकारी ने नहरों के सिल्ट सफाई हेतु प्रस्तुत प्रस्तावो में मनरेगा के तहत कोई भी कार्य न कराए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नहरों एवं ड्रेनों की सिल्ट सफाई के दौरान विभागीय कार्यों के साथ ही शासनादेश के अनुसार छोटी नहरों/ड्रेनों की सिल्ट सफाई कार्य मनरेगा के तहत भी कार्य कराए जाने के विकल्पों के साथ पुनः प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गत वर्ष भी सिल्ट सफाई के दौरान मनरेगा के तहत कोई भी कार्य न कराए जाने पर उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को कड़ी फटकार लगाते हुए नहरों/ड्रेनों की सिल्ट सफाई के दौरान मनरेगा के तहत भी कार्य कराए जाने के निर्देश दिए,जिससे शासन की मंशानुरूप सिल्ट सफाई के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी पैदा हो सके।

उन्होंने सिल्ट सफाई के दौरान मनरेगा के तहत कोई कार्य न कराने की स्थिति में अधिशासी अभियंता सिंचाई के खिलाफ शासन को पत्र प्रेषित करने की चेतावनी भी दी।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर,अधिशासी अभियंता सिंचाई वीरेंद्र कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# कृषि कुंभ 2.0: उत्तर प्रदेश के कृषि जगत में अब तेजी से खुलेंगे निवेश के द्वार

- संभावित आयोजन को ग्लोबल बनाने में जुटी योगी सरकार
- यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे दो लाख से अधिक किसान

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



देश-दुनिया के लगभग दो लाख से अधिक किसान यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे। इसके लिए योगी सरकार दिसंबर में संभावित कृषि कुंभ 2.0 को अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में जुट गई है। नवीन तकनीक व नवाचार से भी यूपी के किसान अवगत होकर तकनीकी रूप से और संपन्न होंगे। इसका आयोजन लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में कराया जाएगा। 2017 में योगी सरकार के गठन के पश्चात 2018 में कृषि कुंभ 1.0 आयोजित किया गया था, जो काफी सफल रहा।

विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक ली थी। इसमें कृषि कुंभ के दूसरे संस्करण में 02 लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता पर उनका जोर रहा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/संस्थाओं, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया था। इसमें जापान, इजरायल, जर्मनी, यूएसए समेत कई देशों में खेती-किसानों के नए कार्यों को जानने के लिए इनके सहभागिता पर भी बल दिया।

## कृषि से जुड़े कई विषयों पर होगी चर्चा

कृषि कुंभ के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा भी पर सीएम का जोर रहा। इसमें कृषि के विभिन्न आयामों से जुड़े विषयों पर चर्चा-विमर्श, व्याख्यान, कृषि ड्रोन का प्रदर्शन, कृषि प्रदर्शनी आदि भी लगेगी।

## उपलब्धियों से भरा था कृषि कुंभ 1.0

2017 में योगी सरकार बनने के बाद 2018 में पहला कृषि कुंभ लगा था। इसकी सराहना पूरे देश में की गई थी। कृषि व अन्य विभागों की तरफ से एक लाख से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया था। 14 सत्रों में कई विषयों पर चर्चा भी हुई। इसमें 300 से अधिक कंपनियों व संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। इसमें दो करोड़ की राजस्व प्राप्ति भी हुई थी। पराली प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला भी हुई थी। कृषि कुंभ 1.0 काफी उपलब्धियों भरा रहा।

## एक नजर

### स्वच्छता रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



**चंदौली।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले इलिया स्थित दुर्गावती बालिका इंटर कालेज मे पारा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा कालेज के छात्राओं के साथ स्वच्छता एवं जागरुकता रैली निकाली गई। रैली कॉलेज परिसर से चलकर पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद कॉलेज परिसर वापस लौटी। इस दौरान छात्राएं हाथों में स्वच्छता के स्लोगन को लेकर नारे लगाते लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही थीं। पूरे कस्बे का भ्रमण कर वापस लौटकर कॉलेज आने पर हुई गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता को सभी लोग अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अंत में स्कूल के बच्चों शिक्षकों तथा उपस्थित जनों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। तथा सभी को अधिक से अधिक अपने हाथों से पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। चंद्रशेखर शर्मा, नारद राय,निरुपमा केशरी, जय प्रकाश, जेपी कुमार के अलावा पैरा लीगल वालंटियर प्रीति शर्मा, अंजु शर्मा, रजनीश कुमार, कृष्णानंद सिंह कुमार,प्रेम कुमार,राजकुमारी, सरिता देवी, सराफूद्दीन अंसारी,रबी प्रकाश सिंह, वरुण दूवे, अभिषेक कुमार सिंह, छाया रानी, रामाशीष, मोहन, अर्चना, अमृता, विनय कुमार, राम दुलार, गिरीश कुमार शर्मा, अखिलेश, सत्य प्रकाश आदि रहे।

### गुणवत्ता को बेहतर करने का प्रयास करें शिक्षक



**चंदौली।** बेसिक शिक्षा विभाग ब्लॉक चहनियां द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुअर कलां में एक दिवसीय ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों व प्रधानाध्यापकों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैली व महुअरकलां की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, व स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में प्रेषित किया जाना है व आपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत अभियान के प्रति जागरूक करना है। अधिकांश परिषदीय विद्यालयों मे आपरेशन कायाकल्प की कड़ी में 19 पैरामीटर मानक के अन्तर्गत विधालयों मे प्रधान लोगों के सहयोग से कायाकल्प कार्य हुआ है ।जिसमें विद्यालयों मे बाउंड्री वाल, फर्श टाइल्स, पीने का स्वच्छ पानी, रनिंग वाटर सप्लाई, सबमर्सिबल, शौचालय आदि संतृप्त हुए हैं व हो रहें हैं तथा जहाँ कार्य शेष है वहाँ शीघ्र ही कार्य पूरा कर लिया जायेगा। विद्यालय की साज-सज्जा, विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और विद्यालय में छात्र संख्या को बढ़ाने में शिक्षकों ने भरपूर प्रयास किया है। अब विद्यालयों मे शिक्षा गुणवत्ता को उच्च श्रेणी का बनाने का प्रयास करें।

### सफाई कर्मियों के वेतन के भुगतान की मांग की

**पीडीडीयू नगर।** नगरपालिका के सफाईकर्मियों की हड़ताल की वजह से व्याप्त गंदगी को देखते हुए भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने समाचार पत्र वितरण केंद्र पर व्यापक गंदगी को झाड़ू लगाकर साफ किया। जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल व कोषाध्यक्ष कमलेश विश्वकर्मा ने माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया। श्री चौरसिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी तीन दिन से हड़ताल किए हुए हैं। आठ माह का वेतन बोनस एरियर की मांगों को लेकर नगर में जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है गंदगी से पूरा नगर दुर्गंध दे रहा है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है । महामारी फैलने की आशंका प्रबल होती जा रही है। अधिशासी अधिकारी ने कूड़ा उठाने के लिए जिले के विभिन्न नगर पंचायत से सफाई कर्मचारी बुलाए हैं इससे काम नहीं चलेगा । जनप्रतिनिधि भी नाली सफाई वह कूड़ा उठाने में लग जाए भारत के प्रधानमंत्री ने आवाहन किया है कि एक घंटा सफाई पखवारा के तहत किया जाय। अधिशासी अधिकारी से मांग किया कि ठेकेदारों का भुगतान रोक कर तत्काल कर्मचारियों का भुगतान किया जाए? सफाई न होने से नगर वासियो मे व्यापक रोष व्याप्त है और कर्मचारियों के घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब है भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है लोग मर रहे हैं।



### स्टालों पर खामी मिलने पर होगी विभागीय कार्रवाई

**पीडीडीयू नगर।** फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ऑडिटर सहित जोन व मंडल के आठ सदस्यीय टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के सभी खान-पान स्टालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन स्टालों पर एक्सपायरी पेय पदार्थ, बंद पैकेट में दुर्गंध युक्त खाना, खराब अंडा, दही आदि सामान मिला। इस पर स्टॉल संचालक को काफी डांट फटकार लगाया। खराब सामान को तत्काल स्टेशन पर नष्ट कर दिया गया। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर स्थानीय रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार रेटिंग का दर्जा मिलना है। इससे पीडीडीयू स्टेशन पर स्थित खान-पान स्टालों का गहनता से जांच पड़ताल किया जा रहा है।जिससे स्टेशन को रेटिंग ग्रुप का दर्जा प्राप्त हो सके। रेटिंग ग्रुप की सूक्ष्मता से जांच के लिए प्राइवेट संस्था के साथ रेलवे के खान-पान के अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया जा रहा है। फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑडिटर प्रयागराज इकरा सिद्दीकी के नेतृत्व में हाजीपुर जोन के एसीएस, फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर श्यामल मंडल, स्टेशन अधीक्षक आरके सिंह, सीएसजी एनके मिश्रा, स्वास्थ्य निरक्षक अक्षय कुमार, आईआरसीटीसी इंस्पेक्टर खालिक, कैटरिंग इंस्पेक्टर विजय कुमार के साथ खानपान स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान वि?भिन्न प्लेटफार्मों पर स्थित स्टालों से सात पेटी पेय पदार्थ, खराब दही, 30 बंद पैकेट में दुर्गंध युक्त खाना, खराब अंडा मिलने पर ऑडिटर ने अधिकारियों की क्लास लगा दी। पूछा कि यह क्या हो रहा है। आप लोग कैसे स्टेशन को देख रहे हैं। साथ ही स्टॉल संचालकों पर काफी नाराजगी जताते हुए कहां कि एक्सपायरी डेट का सामान व खराब खाना मिलने पर स्टॉल को निरस्त कर दिया जाएगा। स्टेशन पर घटिया सामग्री मिलने की चर्चा जोरों पर है। यही नहीं फाइव स्टार रेटिंग का कार्य बाधित हो सकता है। इस दौरान कमसम व फूड प्लाजा के कर्मचारियों को भी चेतावनी दी गई। इस संबंध में मंडल वा?णिज्य प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि कुछ स्टालों पर खामी पकड़ी गई है। संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### 12 निरीक्षकों का तबादला हुआ निरस्त

**चंदौली।** डीआईजी परिक्षेत्र वाराणसी अखिलेश चौरसिया ने पिछले दिनों 90 निरीक्षको को गैर जनपद स्थानांतरित कर दिया था। जिसे तीन दिन बाद ही 43 निरीक्षकों के स्थान्तरण को निरस्त कर दिया।इसमें जनपद के 12 ट्रांसफर हुए निरीक्षक शामिल है। इस क्रम में बबुरी इंस्पेक्टर अनिल पांडेय, अलीनगर शेषधर पांडेय, मुगलसराय इंस्पेक्टर दीन दयाल पांडेय, बलुआ इंस्पेक्टर विनोद मिश्रा शामिल है. इसके अलावा निरीक्षक श्याम जी यादव, विनय प्रकाश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, अरविन्द कुमार यादव, विद्याशंकर मिश्र, रमेश चन्द्र राम, महमूद आलम अंसारी, बृजेश कुमार सिंह शामिल है।

### विरोधियों की आवाज को दबा रही सरकार

**गाजीपुर।** जनपद में सपाइयों ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी और मोदी सरकार की नीतियों और नेताओं के विचारों से इत्तेफाक न रखने वाले पत्रकारों की गिरफ्तारी की निन्दा की। समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा के कार्यकताओं ने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, संगठन को और मजबूत बनाने पर गंभीर चर्चा की। सपा नेताओं ने पीजी कालेज और सहजानंद डिग्री कालेज में छात्रसंघ का चुनाव कालेज प्रशासन से जल्द से जल्द कराने की मांग की। पीजी कॉलेज और सहजानंद डिग्री कालेज में छात्रसंघ चुनाव न कराए जाने पर कालेज प्रशासन की घोर निन्दा की गई। गाजीपुर में सपाइयों ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी और मोदी सरकार की नीतियों और नेताओं के विचारों से इत्तेफाक न रखने वाले पत्रकारों की गिरफ्तारी की निन्दा की। कहा कि सरकार विरोधियों की आवाज को दबा रही है। कार्यकताओं ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा के कार्यकताओं ने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, संगठन को और मजबूत बनाने पर गंभीर चर्चा की। सपा नेताओं ने पीजी कालेज और सहजानंद डिग्री कालेज में छात्रसंघ का चुनाव कालेज प्रशासन से जल्द से जल्द कराने की मांग की।

### सात अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

**गाजीपुर।** माफिया मुख्तार अंसारी पर चल रहे गैंगस्टर मामले में आज गाजीपुर कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें कोर्ट ने 7 अक्टूबर अगली तारीख तय की है। शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि गैंगस्टर मामले के गैंग चार्ट में शामिल मुकदमों के गवाहों के बयान दाखिल किए गए। जिस पर मुख्तार अंसारी के वकील ने आपत्ति दाखिल की। जिसे कोर्ट ने खारिज करते हुए अगली तारीख 7 अक्टूबर तय की है। गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर का मामला चल रहा है। मुख्तार पर करंडा थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। इस केस में गैंग चार्ट में कपिल सिंह हत्याकांड और मीर हसन पर हमले का मामला शामिल है। पिछले 17 मई को मीर हसन पर हमले के मामले में मुख्तार अंसारी दोष मुक्त हो चुका है। करण्डा थाना क्षेत्र के सुआपुर के रहने वाले कपिल देव सिंह हत्या मामले से जुड़ा गैंगस्टर केस चल रहा है।

## कोर इंडस्ट्री समेत 2 कॉमर्शियल मदों में भी कर सकेंगे आवंटित भूखंड का इस्तेमाल


# नई स्कीम के जरिए ग्रेटर नोएडा में मिश्रित भूमि उपयोग को बढ़ावा देगी यूपी सरकार

- प्लॉट्स का एरिया, रेट, प्रोसेसिंग फीस व कुल प्रीमियम संबंधी सभी महत्वपूर्ण विवरण जारी
- स्कीम में प्लॉट लेने के लिए 80 से 151 करोड़ रुपए के बीच जमा करना होगा प्रीमियम

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने के साथ ही योगी सरकार प्रदेश को देश का कमर्शियल हब बनाने पर भी फोकस कर रही है। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्रियल यूनिट लगाने वाले निवेशकताओं को एक खास स्कीम के जरिए उद्योग के अतिरिक्त भूमि के कमर्शियल उपयोग की भी अनुमति दी जाएगी। इस स्कीम में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन होगा जिसमें भूखंड प्राप्त करने वाले कोर इंडस्ट्रियल ऑपरेशंस के अलावा दो कमर्शियल फैसिलिटीज का भी इन भूखंडों पर संचालन कर सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेक्टर 24 के प्लॉट नंबर 11-ए व बी, 12, 15 व 21-बी के औद्योगिक भूखंडों में 5 केटेगरी की प्लॉटिंग्स के लिए आवेदन मांगे हैं।

28 सितंबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 80 से लेकर 151 करोड़ रुपए के बीच प्लॉट्स का प्रीमियम निर्धारित किया गया है जबकि रेट ऑफ अलॉटमेंट 15850 से 16000 रुपए के बीच रखी गई है।




### तीन तरीके से हो सकेगा भूखंड का इस्तेमाल

यीडा की वेबसाइट पर मिक्स्ड लैंड यूज इंडस्ट्रियल प्लॉटिंग स्कीम के बारे में जारी की गई जानकारियों में प्लॉट्स के क्षेत्रफल, सेक्टर समेत कुल प्रीमियम के बारे में जानकारी दी गई है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 24 में प्लॉट नंबर 11-ए व बी, 12, 15 व 21-बी में 5 केटेगरीज की प्लॉटिंग्स के आवेदन मांगे गए हैं। इन प्लॉट्स में प्रिफरेंशियल लोकेशन चार्ज 5 से 10 प्रतिशत के बीच रखा गया है जबकि टोटल प्रीमियल प्राइस (पीएलसी के साथ) 80.32 करोड़ रुपए से लेकर 151.82 करोड़ रुपए के बीच रखी गई है। खास बात यह है कि इस स्कीम के जरिए भूखंड प्राप्त करने वाले आवेदनकताओं को कम से कम निर्धारित भूखंड के 75 प्रतिशत हिस्से को कोर इंडस्ट्रियल रीजन के तौर पर इस्तेमाल में लाना होगा जबकि अन्य क्षेत्र का इस्तेमाल वह अधिकतम 2 कमर्शियल रीजंस के तौर पर कर सकता है। वहीं, कोर इंडस्ट्रियल रीजन के अतिरिक्त निर्धारित जगह का इस्तेमाल रेजिडेंशियल व कल्चरल फैसिलिटीज के तौर पर भी किया जा सकता है। कुल भूखंड के कम से कम 5 प्रतिशत भूमि का इस्तेमाल फैसिलिटीज व यूटिलिटीज के लिए, 8 प्रतिशत का इस्तेमाल कमर्शियल मद में व रेजिटेंशियल मद में कम से कम 12 प्रतिशत भूमि का उपयोग करना होगा।

### वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज का मिलेगा लाभ

उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ प्लॉट लेकर इंडस्ट्रियल यूनिट लगाने वालों को मिलेगा। इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 20 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं व अधिक जानकारी के लिए यीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

### बीओबी निभा रहा बैंकिंग पार्टनर की भूमिका

इस परियोजना के आवेदन समेत बैंकिंग ऑपरेशंस को अंजाम देने के लिए यीडा ने बैंक ऑफ बड़ौदा से हाथ मिलाया है और वह बतौर एक्सक्लूसिव बैंकिंग पार्टनर परियोजना में हिस्सेदारी निभाएगा। उल्लेखीय है कि चाहें औद्योगिक प्लॉट्स की नीलामी हो या फिर ड्रॉ प्रक्रिया के जरिए निर्धारण हो, इन सभी को अंजाम देने के लिए लीस्ट ह्यूमन इंटरफियरेंस यानी मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश न के बराबर रखी गई है। यीडा समेत सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में इसी व्यवस्था के जरिए आवेदकों का निर्धारण सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

## पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही ढूंढ निकाला लापता हुआ कुत्ता, सौंपा

**चंदौली।** अखिलेश यादव की सरकार में भैंस ढूंढने वाली पुलिस योगी सरकार में कुत्ता पकड़ रही है। ऐसा ही अजीबोगरीब मामला चंदौली में सामने आया है। जहां बुधवार एक महिला का पालतू कुत्ता लापता हो गया। अपने कुत्ते की तलाश में वृद्ध मालकिन ने उसे खोजकर लाने वाले को उचित इनाम देने का ऐलान कर दिया।मालकिन ने कुत्ते का मिसिंग पोस्टर जारी करवा दिया।

हालांकि पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर कुत्ते को सकुशल बरामद कर सौंप दिया। पुलिस के इस वर्कआउट को लेकर तरह तरह की चर्चा है। बुधवार को टहलने के दौरान विकास भवन के समीप से लेब्रा डोर कुत्ता लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी कुत्ता नहीं मिला। तो महिला पुलिस से संपर्क साधा और कुत्ता खोजने की गुहार लगाई। कांति देवी से मिली तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। गुमशुदगी के बाद बड़े व छोटे साइज की फोटो कुत्ता स्वामी से मंगवाया गया। गुरुवार को बैंक चेकिंग में निकले इंस्पेक्टर के हमराह बंटी सिंह व अन्य ने बैंक के बाहर खड़े थे। तभी कुत्ता कुछ दूर पर दिखाई दिया।



## दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में एक की मौत, हादसे में जख्मी हुए तीन लोगों का चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/चंदौली**

अलीनगर थाना क्षेत्र के नसीरपुर पट्टन गांव के समीप बुधवार की देर शाम दो बाइक्स आपस में टकराने से चार लोग घायल हो गए। घायल अवस्था में सभी को विमला हॉस्पिटल सरेसर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां दो की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसमें रास्ते में ले जाते समय एक की मौत हो गई जबकि एक का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी सत्यम चौहान 42 वर्ष अपने पुत्र सत्यम चौहान 8 वर्ष का इलाज कराने बुधवार की सुबह बीएचयू वाराणसी गया था। इलाज करा कर वापस लौटते समय जैसे ही नसीरपुर पट्टन गांव के सभी पहुंच कि सकलडीहा के तरफ से आ रही मोटरसाइकिल के आमने-सामने जबरदस्त टक्कर होने से दोनों मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग घायल हो गए। जिसमें सभी को इलाज के लिए सरेसर स्थित विमला हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जिसमें शमशेर चौहान व पुत्र सत्यम की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से ले जाते समय शमशेर चौहान की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि सत्यम को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर के लिए भर्ती कराया गया है। मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। इधर मौत की खबर सुनते ही पत्नी ज्योति उर्फ नर्मदा, तीन पुत्रों में दो पुत्र शिवम व सत्या का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पेशे से मछली व्यवसायी शमशेर की मौत के बाद मासूम बच्चों व पत्नी के सामने आर्थिक संकट दिख रहा है। कामसूत पति के मौत का गम पत्नी ज्योति के चेहरे पर साफ झलक रहा था। इस संबंध में पूछे जाने पर एस आई ताराचंद्र सिंह ने बताया कि मौत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है।




## बांध टूटने की अफवाह से घर छोड़ने वालों को विधायक ने भेजा घर वापस, पीड़ितों से बोले...

# समस्याओं की जानकारी लेकर निराकरण का करेंगे प्रयास

**केटी न्यूज/चंदौली**

अनवरत तीन दिनों तक हुयी बरसात में पड़ोसी जनपद सोनभद्र के नगवां बांध को दो दिनों पूर्व टूटने की फैली अफवाह पर नौगढ़ थाना पुलिस की पहल से ग्राम पंचायत बाघीं के कर्मनाशा नदी के तटवर्ती इलाके मे झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे करीब 250 की संख्या में मुसहर जाति के लोगों को सुरक्षित स्थान कस्बा बाजार के (दुर्गा मंदिर परिसर) मे भेजवाया गया था। बरसात बंद होने की संभावना व नगवां बांध को किसी प्रकार का खतरा नहीं होने की पुष्टि होने पर गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य व भाजपा जिलाध्यक्ष काशी नाथ सिंह ने मुसहर जाति के लोगों से मिलकर उन्हें घर जाने को कहा। विधायक ने बताया कि प्रसासनिक अधिकारी बस्ती में जाकर गरीबों की समस्याओं की जानकारी हासिल कर के निराकरण कराएंगे।



मंगलवार को अर्धरात्रि मे ही जनपद सोनभद्र के नगवां बांध मे दरार आ जाने से टूटने की आशंका की खबर क्षेत्र में फैलने के बाद थाना पुलिस के निर्देश पर कर्मनाशा नदी के कहुअवा घाट व बूड़नवां घाट के किनारे झूग्गी झोपड़ी लगाकर रहन बसर करने वाले मुसहर जाति के लोगों को कस्बा बाजार से सटे दुर्गा मंदिर परिसर में भेजा गया था। जिन्हें बूधवार को दिनभर भोजन की कोई सुविधा मुहैया नहीं होने से बड़ो के साथ छोटे छोटे बच्चे भूख से बिलबिलाते रहे। सायंकाल क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य ने जानकारी पाकर तत्काल पूड़ी सब्जी की व्यवस्था कराकर के अपनी मौजूदगी में सभी को भोजन कराया। जिन्हें गुरुवार को नाश्ता कराकर घरों को भेजवाया गया।

### आवास की सुविधा मामले की होगी जांच :

भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत बाघीं मे पुरखों से आबाद मुसहर जाति के भूमिहीन लोगों को अब तक आवासीय भूमि व आवास की सुविधा से लाभान्वित नहीं किए जाने के मामले की जांच कराई जाएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवानदास अग्रहरी ने बताया कि ग्राम पंचायत बाघीं के मूल निवासी मुसहर जाति के लोग कर्मनाशा नदी के किनारे कहुअवा घाट व बूड़नवां घाट के समीप झूग्गी झोपड़ी बना कर रह रहे हैं। उनमे से अधिकांश लोगों का बाघीं गांव में आवासीय भूमि मे पुस्तैनी रहन सहन होता रहा है। वर्षों पूर्व किन कारणों से अधिकांश मुसहर परिवार के लोग गांव छोड़कर कर्मनाशा नदी के किनारे बस गये। इसकी पुष्टि जांच में ही हो सकेगी।

### 74 लोगों को किया गया था आवासीय पट्टा

ग्राम पंचायत बाघीं के निवासी बेचू वनवासी ने बताया कि गांव में पुरखों से आबाद होने के बाद भी अभी तक सरकारी आवास पाने की मन में दरकार है। कुछ माह पूर्व ग्राम पंचायत बाघीं में 74 लोगों को आवासीय पट्टा किया गया था। जिसमें अति गरीब मुसहर जाति के लोगों को एकदम नाकाफी लाभ दिया गया है। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री कल्लू प्रसाद जायसवाल के यन मौर्य रामजी केशरी डा.सत्यनारायण मनोज कुमार मनीष अनिल कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।